राम नवमी

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 105 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 06 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# प्रधानमंत्री ने श्रीलंका में रेल ट्रैक और सिग्नलिंग सिस्टम का किया उद्घाटन

## श्रीलंका से मिले सर्वोच्च सम्मान पर बोले पीएम मोदी- 'यह सिर्फ मेरा नहीं, पूरे भारत का सम्मान है'

**अनुराधापुरा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का श्रीलंका दौरा पूरा हो चुका है। वे स्वदेश वापस आ गए हैं। इससे पहले श्रीलंका दौरे के आखिरी दिन वे सुबह-सुबह अनुराधापुरा पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ जया श्री महा बोधि मंदिर का दौरा किया। इसके बाद पीएम मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके संयुक्त रूप से महो-अनुराधापुरा रेलवे लाइन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम का शुभारंभ किया। यह भारत सरकार की मदद के साथ पूरी की गई एक परियोजना है।

पीएम मोदी ने महो-ओमानथाई रेलवे लाइन के रेलवे ट्रैक का भी शुभारंभ किया। यहां से उन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया, अपने मित्र, राष्ट्रपति अनुरा कुमारा के साथ अनुराधापुरा में। इस बीच लोग अनुराधापुरा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति का इंतजार करते दिखाई दिए। श्रीलंकाई नागरिक रत्ना सेना ने कहा, यह हमारे देश के लिए बहुत बड़ी बात है। मुझे बहुत अ छा लगता है कि भारत और श्रीलंका के बीच गहरी दोस्ती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मानित होने के बाद कहा था कि श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके द्वारा श्रीलंका मित्र विभूषण पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए सम्मान की बात है। यह श्रीलंका और भारत के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंध और गहरी मित्रता को दर्शाता है और इसके लिए मैं राष्ट्रपति, श्रीलंका सरकार और यहां के लोगों को धन्यवाद देता हूं।




### श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान से सम्मानित

इससे पहले श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान से सम्मानित किया था। श्रीलंका की सरकार यह सम्मान उन देशों के राष्ट्राध्यक्षों को देती है, जिनके श्रीलंका के साथ अ छे संबंध होते हैं। भारत के ऐतिहासिक तौर पर श्रीलंका के साथ अ छे संबंध रहे हैं। साथ ही जब श्रीलंका आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था तो उस वक्त भी सबसे पहले भारत ने ही श्रीलंका के लिए मदद का हाथ बढ़ाया था।

### भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान

अब इन अ छे संबंधों को ही मान्यता देते हुए श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दिया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को मित्र विभूषण सम्मान का मेडल पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान पाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान है।

### श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान के मेडल में क्या खास?

श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान में एक चांदी का मेडल होता है, जिसमें बना धर्म चक्र बौद्ध विरासत का प्रतीक है। इस बौद्ध विरासत ने भारत और श्रीलंका की सांस्कृतिक परंपराओं को आकार दिया है। मेडल में बना पुन कलश (एक औपचारिक बर्तन) समृद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक है। मेडल में बने नवरत्न दोनों देशों के बीच अमूल्य और स्थायी दोस्ती का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूर्य और चंद्रमा प्राचीन अतीत से अनंत भविष्य तक फैले बंधन को दर्शाते हैं।

# रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक

## उल्लास में डूबी अयोध्या नगरी, भक्तों का लगा तांता



**अयोध्या (एजेंसी)।** सर्वार्थ सिद्धि योग में आज चैत्र शुक्ल नवमी को भगवान श्रीराम ने रघुकुल में जन्म ले लिया है। रघुनंदन के जन्मोपरांत राम मंदिर सहित रामनगरी के विभिन्न मंदिरों में गीत-संगीत गूंजने लगे हैं। कोई सोहर गा रहा तो कोई बधाई गीत। हर कोई आह्लादित है। अयोध्या में दूरदराज से पहुंचे रामभक्त राम मंदिर में पहुंच कर रामलला का दर्शन कर आनंदित हो रहे हैं। चहुंओर हर्षोल्लास का वातावरण है।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। जगह-जगह बैरिकेडिंग होने से भक्तगण आराम से दर्शन-पूजन कर गंतव्य को प्रस्थान करते जा रहे हैं।

रामलला के जन्मोत्सव में हिस्सा लेने के लिए शनिवार शाम से ही देश के विभिन्न हिस्सों से रामभक्त अयोध्या पहुंच गए थे। इस कारण रामनगरी की सड़कों पर आज सुबह से ही आस्था का ज्वार उमड़ा दिखा। राम मंदिर में जन्मोत्सव के आयोजन तो साढ़े नौ बजे से प्रारंभ हुए, लेकिन इसके पहले ही दूर-दूर से पहुंचे भक्तों का दर्शन का क्रम चलता रहा। पूरे रामजन्मभूमि परिसर में चारों तरफ भीड़ ही दिख रही है।

गर्भगृह में एक ओर रामलला का अभिषेक, श्रृंगार, पूजन व आरती हो रही थी तो दूसरी ओर भक्तगण दर्शन करते जा रहे थे। ठीक 12 बजे रामलला का जन्म हुआ तो दर्शनार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मंदिर परिसर में मोबाइल प्रतिबंधित होने के कारण श्रद्धालु निकलते समय या जाते समय फोटो ले रहे थे। कोई राम मंदिर में दर्शन कर सेल्फी लेता दिखा तो कोई बाहर के दृश्य को अपने मोबाइल में कैद कर आनंदित हो रहा था।

सुबह के समय श्रद्धालुओं की संख्या अधिक नहीं होने के कारण लोग आराम से दर्शन कर पा रहे थे।

## पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा पति, कहा-

# 'गिरफ्तार कर लो, मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है'

**नोएडा( चेतना मंच )।** सेक्टर-15। घरेलू कलह और शक ने एक परिवार को उजाड़ दिया। नोएडा के सेक्टर-15 में पत्नी की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी नूरउल्ला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना शुक्रवार रात की है, जब आरोपी ने पहले अपनी पत्नी का गला काटा, फिर हथौड़े से सिर पर वार कर उसकी जान ले ली। इसके बाद वह खुद सेक्टर-20 थाने पहुंचा और पुलिस से कहा, मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है, मुझे गिरफ्तार कर लो। आरोपी नूरउल्ला हैदर बीते 10 वर्षों से बेरोजगार था, जबकि उसकी पत्नी आसमां एक मल्टीनेशनल कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत थीं। पूछताछ में नूरउल्ला ने बताया कि उसे पत्नी के ताने और उसके व्यवहार से गहरा आघात पहुंचता था। साथ ही, वह अपनी पत्नी पर शक भी करता था और अक्सर उसका मोबाइल चेक करता था।

घटना के समय घर में आसमां की बेटी इनाया, बेटा समद (जो एमिटी यूनिवर्सिटी का छात्र है) और नानी भी मौजूद थे। बेटी इनाया जब मां को जगाने कमरे में गई, तो उसने देखा कि आसमां बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थी और पास में खून से सना हुआ तकिया पड़ा था। इनाया चीखने लगी, मम्मी मर गईं, जिसके बाद पूरे घर में कोहराम मच गया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि पत्नी के सोने के बाद उसने किचन से चाकू उठाया और उसका गला काट दिया। जब खून निकलने लगा, तो उसने कमरे में रखे हथौड़े से कई बार सिर और माथे पर वार किए। आरोपी तब तक वार करता रहा, जब तक उसकी पत्नी की मौत नहीं हो गई।

हत्या के बाद नूरउल्ला सीधे थाने पहुंचा और अपना जुर्म कबूल कर लिया। शुरुआत में पुलिस को लगा कि वह नशे में है या मानसिक रूप से अस्थिर है। लेकिन जब टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी की बात सच निकली। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया हथौड़ा और चाकू बरामद कर लिया है। मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया है, जबकि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



सेक्टर-20 स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के बूथ संख्या 275 पर भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते हुए नोएडा विधायक पंकज सिंह, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान और अन्य कार्यकर्ता।



सेक्टर-116 स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा स्थापना दिवस की खुशी जाहिर करते हुए महानगर अध्यक्ष महेश चौहान को मिठाई खिलाते किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित त्यागी एवं अन्य कार्यकर्ता।

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर ने आज धूमधाम से अपना स्थापना दिवस मनाया। सेक्टर-116 स्थित भाजपा कार्यालय पर नोएडा महानगर के अध्यक्ष महेश चौहान ने भाजपा का ध्वजारोहण किया तथा सभी को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए मिठाई बांटी। आज नोएडा महानगर की सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। ध्वजारोहण कर मिठाइयां बांटते हुए सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

सेक्टर-20 के बूथ संख्या 275 पर भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने कार्यक्रम में शिरकत की और सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नोएडा भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान के साथ-साथ किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, भूपेंद्र चौधरी, विनोद शर्मा, उमेश त्यागी, रामनिवास यादव, उमेश पहलवान समेत भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोएडा में बनेगा मोबिलिटी कॉरिडोर

## सेक्टर-62 से मामूरा तक खत्म होगा जाम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से सेक्टर-60 मामूरा तक मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने के लिए अगले सप्ताह दोबारा टेंडर जारी होगा। इस कॉरिडोर के जरिये जाम से राहत मिलेगी। पिछले टेंडर में किसी एजेंसी का चयन नहीं हो सका था, क्योंकि एजेंसियां मानकों को पूरा नहीं कर सकी थीं।

मोबिलिटी कॉरिडोर योजना के तहत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लगे सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से मामूरा तक यातायात व्यवस्था बेहतर करने, सौंदर्यीकरण समेत अन्य काम किए जाने हैं। अधिकारियों ने बताया कि मॉडल टाउन गोलचक्कर से मामूरा तक करीब 2.9 किलोमीटर लंबी सड़क बनी है। इस सड़क पर आने-जाने वाले दोनों रास्तों पर सुबह-शाम लंबे जाम में फंसना पड़ता है। इसको देखते हुए नोएडा विकास प्राधिकरण ने मार्ग का कई निरीक्षण और सर्वेक्षण के बाद मॉडल मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने की योजना तैयार करवाई है।



### गोलचक्कर का आकार छोटा करने का काम शुरू

सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर का आकार छोटा करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद यहां आगे कोने पर बने सार्वजनिक शौचालय को हटाया जाएगा। इसका काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके पास ही छिजारसी की तरफ जाने वाली सड़क किनारे ऑटो और ई-रिक्शा स्टैंड बनाया जाएगा।

### एजेंसी को 6 महीने में पूरा करना होगा काम

अधिकारियों का कहना है कि इस योजना के तहत रोड इंजीनियरिंग के जरिये लंबी दूरी और कम दूरी वाले ट्रैफिक को भी बांटने का प्रयास किया जाएगा। इससे कम दूरी वाला ट्रैफिक सर्विस रोड से निकाला जाएगा, जिससे मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा। ऐसे में जो वाहन कम दूरी के होंगे वह मुख्य सड़क पर जाने के बजाय बाएं मुड़कर सर्विस रोड से आसानी से गुजरेंगे। कॉरिडोर की योजना के तहत जाम में कमी लाने, सड़क सुरक्षा और सौंदर्यीकरण से जुड़े काम किए जाएंगे। टेंडर में एजेंसी का चयन होने के बाद उसे छह महीने में काम पूरा करना होगा।

### मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा

रोड इंजीनियरिंग के जरिए लंबी और कम दूरी वाले ट्रैफिक को बांटा जाएगा। इससे कम दूरी वाला ट्रैफिक सर्विस रोड से निकाला जाएगा। मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा। कॉरिडोर की योजना के तहत टेंडर में एजेंसी का चयन होने के बाद उसे छह महीने में काम पूरा करना होगा।

# 'अंतिम निवास' को शव वाहन दान



**नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजसेवी एवं उद्योगपति राजीव अग्रवाल ने नवरात्रों की अष्टमी पर 'अंतिम निवास' को एक अत्याधुनिक फोर्स एम्बुलेंस शव वाहन दान किया। 'अंतिम निवास' सेवा केंद्र का संचालन नोएडा लोक मंच द्वारा किया जाता है, जो मृतकों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार की सुविधा प्रदान करता है। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा, मानवता की सच्ची सेवा वही है, जो जीवन के अंतिम क्षणों तक साथ निभाए। नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश कुमार सक्सेना ने उनके इस योगदान के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में चंचल अग्रवाल, प्रथम अग्रवाल, टी.सी. गौर, एस.के. जैन, नरेश कुचल, राजीव सेठ सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

# गैर हाजिर जनप्रतिनिधि

राजनीतिक मंतव्य की तलाशी में प्रदेश अपने भविष्य से मुखातिब और फर्ज की दहलीज पर कहानी अब चरित्र खोज रही। हिमाचल के लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने मंडी की सांसद कंगणा रनौत से उसकी गैरहाजिरी का कारण पूछ लिया है। उन घोषणाओं व वादों का पता पूछ लिया है, जो चुनाव को परिभाषित कर रहे थे। यह एक राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के कर्म पर व्याख्या तो हो ही जाती है। संसद में खड़ी प्रश्नावली में हिमाचल के कितने सवाल रसीद हुए यह हिसाब सांसदों की पहचान और जिम्मेदारी का सबूत है। बेशक इस बार डा. राजीव भारद्वाज, इंदु गोस्वामी व डा. सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए प्रश्नों में उभरते संकल्पों के सारथी बने अनुराग ठाकुर की छाप दिखाई देती है। ऐसे में मंडी की सांसद के परिचय में उनका ग्लैमर तो चलता है, मगर संसदीय क्षेत्र में भाजपा से उम्मीदें इंतजार कर रही हैं। उम्मीदें राज्य से हर संसदीय क्षेत्र तक हैं, इसलिए केंद्रीय सहायता से अगर परियोजनाएं सफर पर निकलती हैं तो जिक्र दिल्ली से भी आता है। हिमाचल के आर्थिक विकास के पन्नों पर यह खींचतान सही है कि हमारे मुकद्दमे की पैरवी कहां कितनी हुई। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बताते हैं कि सडक निर्माण के लिए 267 करोड़ पर कैसे-कैसे मेहरबां हुए नितिन गडकरी, दूसरी ओर अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय सहायता की मोमबत्तियां जलाते हुए 21 पुलों के निर्माण के 309 करोड़ का खाका रोशन किया है। यानी यहां हर इंच पर पैमाइश है, तो चल के देख तेरे कदम कितने आगे निकले। हिमाचल के बजट में केंद्र की परछाई और केंद्रीय बजट में हिमाचल की रहनुमाई किस तरह हो रही, यह अब नए दौर की सियासत है, सारे वक्त को मापना पड़ेगा। इसलिए मंडी की सरहद पर सांसद को चुनौती दी जा रही है। अब अगर सांसद महोतरमा इन सुरों को सुन लें, तो कई हरित पट्टियां उभर आएंगी। पूर्व भाजपा सरकार के कई वादे और इरादे मंडी संसदीय क्षेत्र की परिक्रमा कर रहे हैं, तो सवालों के दरख्त के नीचे केंद्र की छांव ढूंढी जा सकती है। बहरहाल यही तफतीश हर जनप्रतिनिधि से जनता की अपेक्षाएं कर रही हैं। देश के संघीय ढांचे में प्रादेशिक मापदंड अगर सुरक्षित करने हैं तो हिमाचल की दोपहर-हिमाचल की सांझ के बीच वैमनस्य खत्म करना होगा। बजट सत्र के दौरान केंद्र में हिमाचल की कितनी खिड़कियां खोल पाए हिमाचल के सांसद, यह हिसाब प्रदेश के बजट से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। बेशक 11 केंद्रीय योजनाओं का पैसा बैंक खाते में आएगा या प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदेश के प्रदर्शन को चार सौ करोड़ का संबल मिल जाएगा, लेकिन पर्वतीय राज्य की आत्मनिर्भरता के सवाल पर क्या कोई आश्वासन मिलेगा। केंद्र से अपने राज्य की पुकार करें या फरियाद, इसके कई उदाहरण मिल जाएंगे, मगर यहां कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे के प्रयास कम से कम कांगड़ा-चंबा के सांसद राजीव भारद्वाज को रेखांकित कर लेने चाहिएं। कुशी नगर में 2021 को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, लेकिन यहां से सीधा आपरेशन शुरू नहीं हो पाया। इस संदर्भ में सांसद ने न केवल उड्डयन मंत्री किंजरपु राम मोहन नायडु के पास बार-बार दस्तक दी, बल्कि संसदीय चर्चा में उनका विषय छाया रहा, लेकिन कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की पैमाइश में दिल्ली दूर किनकी वजह से हो रही। कांगड़ा एयरपोर्ट में 7 उड़ाने आ रही हैं, जो आने वाले समय में दर्जन भर हो जाएंगी, लेकिन इस सफर के साक्षी वे सांसद नहीं जो वर्ष में अपनी अधिकृत उड़ानों का फायदा यहां से उठाते हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट के माध्यम से अनुराग ठाकुर, इंदु गोस्वामी और डा. राजीव भारद्वाज महीने में कई बार उतर रहे हैं, लेकिन संसद में इसके विस्तार का प्रश्न नहीं उतर रहा। इसी तरह हिमाचल में कई केंद्रीय प्रतिष्ठानों, पर्यटन व कनेक्टिविटी परियोजनाओं, रज्जु मार्गों तथा बागबानी योजनाओं के आबंटन में सांसदों के पक्ष और प्रयास का इंतजार हो रहा है। अंब-अंदौरा की ट्रेन को टैंपल ट्रेन परियोजना में बदलने की शक्ति व सामर्थ्य सांसदों को दिखाना होगा। कौन नहीं चाहेगा कि मंडी के लिए कंगना रणौत धार्मिक, साहसिक पर्यटन के अलावा हवाई पट्टी की संभावनाओं को यथार्थ में बदलती हुई दिखाई दें।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि श्री हरि अनंत हैं ( उनका कोई पार नहीं पा सकता ) और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। श्री रामचन्द्रजी के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**यह प्रसंग मैं कहा भवानी। हरिमायाँ मोहहिं मुनि ग्यानी॥**
**प्रभु कौतुकी प्रनत हितकारी। सेवत सुलभ सकल दुखहारी॥**

(शिवजी कहते हैं कि) हे पार्वती! मैंने यह बताने के लिए इस प्रसंग को कहा कि ज्ञानी मुनि भी भगवान की माया से मोहित हो जाते हैं। प्रभु कौतुकी (लीलामय) हैं और शरणागत का हित करने वाले हैं। वे सेवा करने में बहुत सुलभ और सब दुःखों के हरने वाले हैं॥

**सुर नर मुनि कोउ नाहिं जेहि न मोह माया प्रबल।**
**अस बिचारि मन माहिं भजिअ महामाया पतिहि॥1**

देवता, मनुष्य और मुनियों में ऐसा कोई नहीं है, जिसे भगवान की महान बलवती माया मोहित न कर दे। मन में ऐसा विचारकर उस महामाया के स्वामी (प्रेरक) श्री भगवान का भजन करना चाहिए॥

**अपर हेतु सुनु सैलकुमारी। कहउँ बिचित्र कथा बिस्तारी॥**
**जेहि कारन अज अगुन अरूपा। ब्रह्म भयउ कोसलपुर भूपा॥**

हे गिरिराजकुमारी! अब भगवान के अवतार का वह दूसरा कारण सुनो- मैं उसकी विचित्र कथा विस्तार करके कहता हूँ- जिस कारण से जन्मरहित, निर्गुण और रूपरहित (अव्यक्त सच्चिदानंदघन) ब्रह्म अयोध्यापुरी के राजा हुए॥

(क्रमशः...)

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।



**वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा।**

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते?


पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं।

अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है। -**ललित गर्ग ( लेखक, पत्रकार, स्तंभकार )**

# पर्यावरण सुरक्षा में हम आगे (व्यंग्य)

विदेशियों के अध्ययन अक्सर ऐसे होते हैं जिनमें हमारी उपलब्धियों को कम कर दिखाया जाता है। स्वाभाविक है हम विश्वगुरुओं को बुरा लगता है। हमें तो ऐसी बातें चाहिए जो हमें स्वाद लगें। पिछले दिनों एक अध्ययन पढ़ने का सौभाग्य मिला जिसने मुझे आत्मसम्मान से भर दिया। हम सभी बधाई के पात्र लगने लगे। मुझे वह गाना लुभाने लगा, 'आज मैं ऊपर आस्मां नीचे, आज मैं आगे जमाना है पीछे'।



अध्ययन में हमें पर्यावरण सुरक्षा में आगे बताया गया है। ताजा सुगंधित बयार जैसे वाक्य हैं, जैसे हमारे अन्दर पर्यावर्णीय नैतिकता है। हम प्रकृति को साधन नहीं जीवन का पवित्र तत्व मानते हैं। हम अपनी आदतें बदलते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। हम यह मानते हैं कि जो हम करते हैं उसका असर अगले जन्म पर पड़ता है, अच्छे कर्म से बुरे कर्म मिटते हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम करते हैं। पर्यावरण हितैषी चीजें खरीदते हैं। प्रकृति मानवीय शरीर का प्रतिबिम्ब है। सूर्यास्त के बाद फूल पत्तियां नहीं तोड़ते क्यूंकि तब वे विश्राम कर रहे होते हैं। सांप को भी पूजनीय माना जाता है।

इस अध्ययन को पढ़ने के बाद लगा, यह खास लोगों पर ही किया गया है। हमारे समाज में भी कई तरह के खास लोग हैं उन पर कोई अध्ययन नहीं करता। अगर अधिकांश जनता पर अध्ययन किया जाए तो पता चलेगा कि हमारे अपने लोग ही मानते हैं कि भारतीय समाज में सभी तरह की नैतिकता कम हो रही है। रोज प्रमाण मिलते हैं कि हम प्रकृति को साधन ही मानते हैं। जीवन का शुद्ध व्यावसायिक हिस्सा मानते हैं जिससे जितना फायदा उठा लिया जाए कम है। हम अपनी आदतें बदलने के लिए बिलकुल तैयार नहीं। पर्यावरण को निरंतर हो रहे नुकसान से हमें क्या लेना। हम किसी हद तक यह मानते हैं कि जो हम करते हैं उसका असर अगले जन्म पर पड़ता है। अच्छे कर्म से बुरे कर्म मिटाने के लिए हमारे यहां पूजा पाठ

**अध्ययन में हमें पर्यावरण सुरक्षा में आगे बताया गया है। ताजा सुगंधित बयार जैसे वाक्य हैं, जैसे हमारे अन्दर पर्यावर्णीय नैतिकता है। हम प्रकृति को साधन नहीं जीवन का पवित्र तत्व मानते हैं। हम अपनी आदतें बदलते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो।**

करके, कुछ विशेष जगहों पर उपलब्ध जल में खास मौकों पर स्नान कर पापों से मुक्ति पाने का प्रावधान उपलब्ध है। जिसमें विशेष लोगों के लिए आरक्षण की सुविधा भी है।

अध्ययन में बताया गया कि प्लास्टिक का उपयोग कम करते हैं लेकिन हम तो ख्वाब में भी ऐसा नहीं करते। पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं सब कहां खरीद सकते हैं। हम प्रकृति को मानव जीवन के लिए मानते हैं। सूर्यास्त के बाद फूल पत्तियां नहीं तोड़ते लेकिन जब सुरक्षा विश्राम आसन में हो तो वृक्षों की हत्या करते हैं। हम सभी रंग और किस्म के सांप, बिछुओं को पूजनीय मानते हैं। इस अध्ययन में लोचा यह रहा कि यह हमारे पूर्वशासक अंग्रेजों के देश में रहने वालों के बारे में है। लेकिन खुश होने का हक हमें भी है। अपने जैसों के बारे में अच्छी बातें किसे अच्छी नहीं लगती। - **संतोष उत्सुक**

# राशिफल

**चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अज्ञात भय सताएगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। सर दर्द और नेत्र पीड़ा के कारण मन व्याकुल रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन अस्थिर रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। बाकी प्रेम, संतान, व्यापार सही रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भाग्य में भरोसा करके कोई काम नहीं कर सकते हैं। थोड़ा सा बदनामी या अपयश मिल सकता है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान रखें। नौकरी-चाकरी की स्थिति मध्यम रहेगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
डिस्टर्बिंग टाइम लेकिन जीत आपकी सुनश्चित है। कार्यों में अवरोध आएगा लेकिन संपन्न हो जाएगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मानसिक दबाव बना रहेगा। अवसादग्रस्त स्थिति रहेगी। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
गृह कलह के संकेत हैं। कुछ बड़ी कलह हो सकती है। ध्यान रखिएगा। शांत होकर चीजों को निपटाएं।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम अभी बहुत रिजल्ट नहीं देगा। नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पूंजी का निवेश न करें। जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। धन हानि के संकेत हैं। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा का शिकार चल रहा है इस समय। प्रेम और संतान में नकारात्मकता फैली रहेगी।

## जेवर एयरपोर्ट के पास बना शानदार क्रिकेट ग्राउंड

# महिला खिलाड़ियों ने टी-20 मैच से किया शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जेवर एयरपोर्ट के पास स्थित ऐतिहासिक कस्बा रबूपुरा में खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात मिली है। यहां रामोत्सव क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन शानदार अंदाज में किया गया, जहां अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों के बीच खेले गए टी-20 मैच ने कार्यक्रम में जान फूंक दी। यह ग्राउंड जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह की पहल पर और वीवो प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से तैयार किया गया है।

रामोत्सव क्रिकेट ग्राउंड के उद्घाटन अवसर पर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि, ग्रामीण अंचल में अपार खेल प्रतिभाएं हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते वे उचित मंच से वंचित रह जाती हैं। अब यह ग्राउंड उन्हें निखारने और आगे बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस ग्राउंड पर डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को और बेहतर अवसर मिल सकें।



उद्घाटन समारोह में खेले गए शुभारंभ मैच में आरपीसी दिल्ली और वंडर्स क्रिकेट क्लब आमने-सामने थे। वंडर्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 112 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीसी दिल्ली की टीम ने यह मैच 6 विकेट से जीत लिया।

मैच से पहले विधायक धीरेन्द्र सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इतना ही नहीं, वे खुद भी बैट लेकर मैदान में उतर आए और बल्लेबाज़ी करते नज़र आए। मैच में भाग लेने वाली महिला क्रिकेटरों की सूची भी काफी प्रेरणादायक रही। इनमें शामिल थीं एकता भड़ाना, अदिति चोपड़ा, आमया, दीक्षिता शेखावत, दिशा नागर, गोयनका, हृदया, लक्ष्मी यादव, मल्लिका, मोनिका, प्रीति शर्मा, आर. प्रियदर्शिनी, राधिका, श्रुति पाण्डेय, नजमा, आस्था सिंह, अक्षिता जैन, अश्मित, मानसिंह, प्रेरणा, संस्कृति, सृष्टि सिंह, सुरभि, तनिष्का सिंह, तन्वी जोशी और तारिणी जोशी। इन खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि खेल में बेटियां किसी से कम नहीं।

इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने इसे जेवर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया और विधायक एवं वीवो कंपनी का आभार जताया।

# बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ : अखिलेश

एजेंसी

लखनऊ

यूपी की राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पॉलिसी यूपी में जीरो हो गई है। सपा मुखिया ने कहा कि बहुत कम देखने को मिलता होगा कि पुलिस फिरौती के लिए खुद अपहरण कर रही है। पुलिस ही पुलिस पर मुकदमे दर्ज कर रही है। अब बताओ जीरो टॉलरेंस कहां बचा। प्रदेश में कहीं भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। बीजेपी के लोगों को भी न्याय नहीं मिल रहा है। बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है।



### इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों

बीच में जो दलाल था, उसे भी पकड़ा गया। पकड़ा गया दलाल और भी आईएएस अफसरों का काम करता था। ये करप्शन का मामला नहीं, बल्कि बंटवारे का झगड़ा था। जो लोग 80-20 का नारा देते हैं और 46 में 56 कहते हैं, मैं उनसे पूछता हूं कि हम 80 में आते हैं या 20 में। ये 80-20 का मामला नहीं, बल्कि 90-10 का मामला है। आधी आबादी और पीडीए बीजेपी से नाराज है। जो लोग निवेश लाना चाहते थे, वो विनाश ले आए। ये भ्रष्ट अधिकारी छुपे हुए हैं। यूपी के एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला। अखिलेश ने कहा कि इतिहास को नहीं पलटना चाहिए। जो इतिहास खुशहाली के रास्ते पर ना ले जाए, उसे नहीं पलटना चाहिए। क्योंकि इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। जबसे वक्फ बिल पास हुआ है, तबसे बीजेपी के लोग इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे हैं।

# महाकुंभ के बाद त्रिवेणी संगम के जल की विदेशों में बढ़ी मांग

**प्रयागराज।** जिले में आयोजित महाकुंभ 2025 के दिव्य और भव्य आयोजन के पश्चात, त्रिवेणी संगम के पावन जल की मांग अब विदेशों से भी आने लगी है. हाल ही में, जर्मनी में रहने वाले हिंदू परिवारों के लिए संगम का पवित्र गंगाजल भेजा गया है. यह पहल जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति द्वारा की गई, जिन्होंने श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी के माध्यम से कांच की 250 मिलीलीटर की 1,000 बोतलों में गंगाजल जर्मनी भेजा. यह गंगाजल उन श्रद्धालुओं के लिए भेजा गया जो किसी कारणवश महाकुंभ में शामिल नहीं हो सके. महाकुंभ 2025 में लगभग 40 करोड़ से अधिक



श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान था, और त्रिवेणी संगम में स्नान करना प्रत्येक श्रद्धालु की इच्छा होती है. योगी सरकार ने इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गंगाजल की पैकेजिंग और वितरण की जिम्मेदारी सौंपी थी. प्रयागराज के जसरा क्षेत्र की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल समिति की प्रभारी नमिता सिंह के अनुसार, महाकुंभ के दौरान और उसके बाद, उनकी समिति ने अब तक 50,000 से अधिक बोतलों में गंगाजल की पैकेजिंग और वितरण किया है।

# काशी में RSS चीफ मोहन भागवत और CM योगी

एजेंसी

वाराणसी

बीते डेढ़ दशक से वाराणसी सियासत का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है. अप्रैल के पहले सप्ताह में 24 घंटे के अंदर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता वाराणसी में मौजूद रहे हैं और इसको लेकर अनेक अटकलों का दौर तेज है. इसमें खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और संघ प्रमुख मोहन भागवत जैसे नाम शामिल है.

3 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एकदिवसीय वाराणसी दौरे पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित वाराणसी दौरे के कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली. विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक और काशी विश्वनाथ मंदिर व काशी कोतवाल काल भैरव मंदिर में भी दर्शन पूजन करने के लिए वह पहुंचे थे.



### वाराणसी में जुटे दिग्गज

वहीं 3 अप्रैल को ही संघ प्रमुख मोहन भागवत वाराणसी के पांच दिवसीय प्रवास पर पहुंचे हैं. इस दौरान वह अलग-अलग वर्ग के प्रचारकों से मुलाकात कर रहे हैं और वाराणसी मंडल के साथ विभिन्न जनपद में संघ के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण बैठक भी कर रहे हैं. इसी बीच 4 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह भी वाराणसी पहुंचे. प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने जन्मदिवस के अवसर पर वह मिर्जापुर मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने पहुंचे थे. इस दौरान वह काशी भी पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की तरफ से उनका जोरदार स्वागत किया गया. वैसे इन तीनों प्रमुख नेताओं के वाराणसी में मुलाकात करने की कोई भी तस्वीर सामने नहीं आई है. लेकिन चर्चाओं के दौर में इन प्रमुख नेताओं के वाराणसी आगमन को लेकर अनेक अटकलें लगाए जा रहे हैं।

# लखनऊ जंक्शन और चारबाग स्टेशन को मिलाकर बनेगा ग्रेटर चारबाग

## यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

एजेंसी

लखनऊ

राजधानी लखनऊ स्थित चारबाग स्टेशन उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का प्रमुख स्टेशन है। वहीं लखनऊ जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का स्टेशन है। दोनों स्टेशन आसपास हैं, लेकिन इनका संचालन अलग-अलग जोन करते हैं। ऐसे में ट्रेनों के संचालन से पार्किंग आदि को लेकर कई विवाद खड़े होते रहे हैं। लिहाजा इस समस्या को निस्तारित करने के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने पहल की है।

इसके तहत लखनऊ जंक्शन का संचालन पूर्वोत्तर रेलवे से लेकर उत्तर रेलवे द्वारा कराने की योजना



है। हालांकि, इसके लिए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन के साथ बैठक व विचार-विमर्श करना बाकी है। दैनिक यात्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएस उप्पल ने बताया कि एक ही जगह पर होने के बावजूद दोनों स्टेशनों के बीच विवाद रहते हैं। ऐसे में जंक्शन को चारबाग में मिला देने से ग्रेटर चारबाग बन जाएगा। इससे यात्रियों को बहुत राहत मिल जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कैबवे चौड़ीकरण का काम वर्षों तक अटका रहा।

# निषादराज पंचमी समारोह में गूंजा सामाजिक समरसता और गंगा संरक्षण का संदेश

**प्रयागराज।** गंगा समग्र काशी प्रांत के यमुना भाग द्वारा आयोजित निषादराज पंचमी समारोह में वक्ताओं ने गंगा सहित सभी जल तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता बनाए रखने हेतु समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता पर बल दिया। यह आयोजन ज्वाला देवी इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस, प्रयागराज के सभागार में सम्पन्न हुआ।

समारोह के मुख्य वक्ता एवं गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष जी ने कहा कि गंगा न केवल एक नदी है, बल्कि हमारे आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है। इसके संरक्षण में समाज




के हर वर्ग की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने भगवान राम के बाल सखा निषादराज को निष्काम भक्ति का आदर्श बताया और कहा कि उनका जीवन प्रेम, भक्ति और सेवा का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम का संचालन यमुना भाग संयोजक अजय सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सह-संयोजक डॉ. प्रवीण शुक्ल ने किया।

उन्होंने बताया कि गंगा समग्र के 15 आयामों में से एक गंगा आश्रित आयाम है, जिसके तहत उन लोगों को जोड़ा जा रहा है जिनका जीवन और व्यवसाय माँ गंगा पर आश्रित है, ताकि गंगा को अविरल और निर्मल बनाए रखने का सामूहिक प्रयास हो सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा निषादराज एवं माँ गंगा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। गंगा समग्र काशी प्रांत के संगठन मंत्री संजय ने विषय प्रवेश करते हुए निषादराज के जीवन और भगवान राम के साथ उनके रिश्ते पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना सभी वर्गों के सहयोग से ही साकार हो सकती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं निषादराज के वंशज डॉ. बी. के. कश्यप ने कहा कि निषादराज और भगवान राम की मित्रता आज के समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

# कलयुगी बेटे ने पत्थर से पीट-पीटकर पिता को मार डाला

**ललितपुर।** पत्थरों से पीट-पीटकर एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। परिजन उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने से उसे झांसी रेफर कर दिया और झांसी में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजवारा निवासी वृंदावन (62) पुत्र भैया लाल राय शुक्रवार की देर रात में करीब एक बजे घर पर ही था, तभी उसका छोटा बेटा नरेंद्र गांव में ही सड़क पर एक ट्रैक्टर चालक के साथ विवाद कर रहा था। यह देख पिता वहां पहुंच गए और बेटे को किसी प्रकार समझा बुझाकर घर ले जा रहे थे, अभी वह घर के पास ही पहुंचा था की तभी वह अपने पिता पर ही हावी हो गया और पास में पड़े एक पत्थर के टुकड़े से उसने पिता के सिर में जोर से पीटना शुरू कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। यह देख परिजन उसे एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# शादी के तीन महीने बाद ही पति ने की आत्महत्या

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में कटघर थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने शव देखा तो घर में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम कराने के बाद युवक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद में गुलाबबाड़ी पुराना शिव मंदिर इलाके में रहने वाला आनंद (24) प्राइवेट जॉब करता था।



परिवार में पिता संतोष सिंह, मां मधु और एक बहन मनीषा है। बहन मनीषा ने बताया कि तीन माह पूर्व आनंद की शादी संभल जिले के गांव भरथल निवासी कोमल से हुई थी। आरोप लगाया कि आनंद की पत्नी फोन पर अपने एक रिश्तेदार युवक से बात करती रहती थी। इसको लेकर आनंद का उसकी पत्नी से विवाद होता रहता था। गुरुवार रात भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को आएंगे वाराणसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आएंगे। अब तक के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेंहदीगंज में 30 हजार से ज्यादा लोगों की जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री 3884 करोड़ के 19 प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और 25 प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास करेंगे। इस संबंध में वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि 11 अप्रैल को पीएम अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आएंगे। दौरे के दौरान लगभग साढ़े तीन हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की सौगात आमजन को देंगे। यह परियोजनाएं काशी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

# ट्रांसफार्मर जलने के मामले में बड़ा ऐक्शन एक एक्सईएन और चार जेई सस्पेंड

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में जले हुए ट्रांसफार्मरों को तय समय में नहीं बदलने और बिजली अफसरों की लापरवाही से ट्रांसफार्मर जलने के मामले में पश्चिमांचल में एक अधिशासी अभियंता समेत पांच अफसरों पर गाज गिरी है। बिजली मंत्री के निर्देश पर पांचों अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया है। कार्रवाई एमडीपीवीएनएल ईशा दुहन ने की है। बिजली मंत्री एके शर्मा ने पिछले दिनों निर्देश जारी किए थे कि ट्रांसफार्मर न जलने पाए। जले ट्रांसफार्मर को तत्परता से बदलने के निर्देश दिए थे। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त होने से रोकने और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को तत्परता से बदलने के निर्देश दिए थे। ट्रांसफार्मर जलने के मामलों में एमडी ने पांच बिजली अफसरों पर कार्रवाई की है। इनमें मुरादाबाद कटघर के अधिशासी अभियंता प्रेम प्रकाश को निलंबित किया है। चार जूनियर इंजीनियर को भी एमडी ने निलंबित कर दिया। निलंबित जूनियर इंजीनियर में संजय राणा शामली, ज्योति प्रकाश शिकारपुर, पवन कुमार ग्रेटर नोएडा और मनमोहन सिंह डिवाइस हैं। एमडी पीवीवीएनएल ने पांचों अधिकारियों को निलंबित किए जाने की कार्रवाई की पुष्टि की है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने एक कार्यक्रम में कहा था अगर अब कहीं ट्रांसफार्मर फुंका तो जिम्मेदार अधिकारी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## ड्रोन के माध्यम से श्रद्धालुओं पर होगी सरयू नदी के पवित्र जल की फुहार

# दो लाख से अधिक दीपों से रामनवमीं पर जगमग होगी रामनगरी

**अयोध्या।** श्रीधाम अयोध्या में इस वर्ष रामनवमी का पर्व ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार, पहली बार रामनवमी के अवसर पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दो लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। ये दीप राम कथा पार्क के सामने पक्के घाट और राम की पैड़ी पर प्रज्ज्वलित किए जाएंगे, जिससे संपूर्ण क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठेगा। श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आकर्षण ड्रोन के माध्यम से सरयू नदी के पवित्र जल की फुहार होगी। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि यह पहल श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### भव्य श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन 8 अप्रैल से

हजारों सालों से लाखों जीवन का आधार राम रहे हैं। अगर राम इस विश्व के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आदर्श हैं, तो इसलिए क्योंकि वह स्थिरता, संतुलन, शांति, सत्य, पवित्रता, करुणा और न्याय के प्रतीक हैं। रामनवमीं पर अयोध्या सहित पूरे देश में श्रीरामभक्त श्रीरामचरितमानस पाठ, महायज्ञ और भंडारा का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में मानस परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री धाम अयोध्या में आयोजित 8 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025 तक चलने वाले श्रीरामचरितमानस पाठ, महायज्ञ, भण्डारा के आयोजन किया गया है। अयोध्या के सुग्रीव किला में लगातार 6 दिन धार्मिक कार्यक्रम के साथ 11 और 12 अप्रैल को अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ के साथ हवन महाप्रसाद का दिव्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न होगा। वहीं आयोजन का का निमंत्रण महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री और भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशिष शेलार को दिया गया है। इस निमंत्रण को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। इस आयोजन में अयोध्या के सभी साधु संत महंत, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी मानस परिवार सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पांडे ने दी है। बता दें कि पिछले साल भी मानस परिवार सेवा ट्रस्ट की ओर से भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में सुग्रीव किला में अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ, हवन और भंडारा का आयोजन किया गया था।

# रामनवमी को लेकर UP में हाई अलर्ट

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में रामनवमी उत्सव को लेकर उत्साह है। लोग इसकी तैयारियों में जुटे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अयोध्या, लखनऊ, फतेहपुर, मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर, आगरा समेत प्रदेशभर में अलर्ट घोषित किया गया है। जिलों में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। जुलूस निकालने की अनुमति सिर्फ परंपरागत मार्गों से ही होगी। नए रूट से जुलूस नहीं निकलेगा। किसी भी तरह की अराजकता करने पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

श्रीराम जन्मोत्सव के मौके पर देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं पर ड्रोन के माध्यम से रामपथ पर सरयू के पवित्र जल की फुहारें डाली जाएंगी। इसके अलावा रामकथा पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ड्रोन से सरयू जल के छिड़काव की तैयारी की जा रही है। वैसे भी सरयू की पौराणिक मान्यता है। रामनवमी पर अयोध्या आने वाले भक्त सरयू में आस्था की डुबकी भी लगाते हैं। ऐसे में इस बार यह विशेष पहल करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव के मौके पर पर्यटन और संस्कृति विभाग की ओर से पांच और छह अप्रैल को रामकथा पार्क में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या आयोजित की जाएगी। रामनगरी में सोहर और भजन के साथ श्रीराम को समर्पित गीत गूंजेंगे।

## एक व्यक्ति की मौत, तीन गंभीर घायल

# दिल्ली हाईवे पर टाइल्स भरा ट्रक ई-रिक्शा पर पलटा

**बरेली।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है। गांव पट्टी के समीप दिल्ली हाईवे पर टाइल्स से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पर पलट गया। इससे ई-रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब सवा तीन बजे टाइल्स से भरा ट्रक बरेली की तरफ जा रहा था। गांव पट्टी के समीप ई-रिक्शा को बचाने के फेर में ट्रक उसी पर पलट गया।



ई-रिक्शा समेत उसमें सवार चार लोग टाइल्स के नीचे दब गए। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। पुलिस को सूचना दी। राहगीर भी रुक गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने टाइल्स हटवाकर चारों लोगों को बाहर निकाला। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। तीन घायलों को गंभीर अवस्था में अस्पताल भिजवाया गया है। मृतक समेत घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। पुलिस ने ट्रक और टाइल्स हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# पैराशूट नहीं खुलने से एक और पैराट्रूपर की मौत

**आगरा।** पैराशूट नहीं खुलने के कारण आगरा में फिर एक बाद हादसा हुआ है। एयरक्राफ्ट से छलांग लगाने वाले पैराट्रूपर की मौत हो गई है। एक महीने पहले भी इसी तरह एक पैराट्रूपर की जान चली गई थी। तब भी पैराशूट नहीं खुलने के कारण ही हादसा हुआ था। अकेले आगरा में छह साल में छह पैराट्रूपर की इस तरह के हादसों के कारण मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि 41 वर्षीय राजकुमार तिवारी अन्य पैराट्रूपर के साथ आगरा के जंपिंग ग्राउंड पर कूदे थे। इसी दौरान उनका पैराशूट नहीं खुल सका। एयरक्राफ्ट से सीधे मैदान में गिरने



के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी जवानों ने उन्हें मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी मौत हो गई। एसएनएमसी में उनका पोस्टमार्टम कराया गया।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# खास खबर

## एलीगैंज इंटीरियर्स को मिला 187 करोड़ का ऑर्डर

**मुंबई।** कॉर्पोरेट और वाणिज्यिक इंटीरियर क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एलीगैंज इंटीरियर्स लिमिटेड ने एक प्रमुख हवाईअड्डा अपग्रेडेशन परियोजना के लिए 187 करोड़ रुपये की ठेकेदारी प्राप्त की है। कंपनी ने गतिविधि को अनुरोध प्राप्त होने के बाद इसकी घोषणा की। यह तीन साल की परियोजना में व्यापक इंजीनियरिंग विशेषज्ञता, परिष्कृत लॉजिस्टिक्स और बड़े पैमाने पर निर्माण समाधान शामिल हैं। सभी कार्य चालू हवाईअड्डे की स्थितियों में पूरा किए जाएंगे।

## हिमाचल एग्रो इंडस्ट्रीज ने की 2024-25 में 94 करोड़ की बिक्री

**शिमला।** वित्त वर्ष 2024-25 में हिमाचल प्रदेश एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन को 94.44 करोड़ रुपये की बिक्री के साथ 4.90 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। हिमाचल के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में हिमाचल प्रदेश एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीएआईसी) का लाभ 1.64 करोड़ रुपये रहा। निगम के निदेशक मंडल की 261वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए नेगी ने किसानों के हित में एचपीएआईसी की सभी परिचालन गतिविधियों को मजबूत करने की जरुरत पर जोर दिया। यहां जारी बयान के मुताबिक एचपीएआईसी से अपना कामकाज बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाने पर भी जोर दिया गया।

## आरबीआई जारी करेगा 10 और 500 रुपये के नए नोट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घोषणा की है कि वह जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रंखला के तहत 10 और 500 रुपये के नए नोट जारी करेगा। ये नोट नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षरों से लेबल होंगे। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा है कि इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रंखला के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। इन नए नोटों की जारी के बावजूद, पहले से जारी 10 रुपये और 500 रुपये के वर्ग के बैंक नोट वैध रहेंगे। इससे पहले आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी करने की गोषणा की थी। मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में आरबीआई गवर्नर के पद संभाला था और उन्होंने गवर्नर के पद पर रहे शक्तिकान्त दास की जगह ली थी।

## सुजलॉन के शेयर में मंदी के बाद भी निवेशकों का भरोसा बरकरार

**मुंबई।** सुजलॉन एनर्जी के स्टॉक में शुक्रवार को 3.64 फीसदी की गिरावट आई और यह 55.40 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। शुरूआत में स्टॉक 57.50 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया, लेकिन बाद में यह 54.66 रुपये के निम्नतम स्तर तक गिर गया। 4 अप्रैल तक सुजलॉन एनर्जी के स्टॉक का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 86.04 रुपये था, जबकि 52-सप्ताह का न्यूनतम स्तर 37.90 रुपये था। पिछले एक साल में स्टॉक में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया है और फिलहाल यह अपने 52-सप्ताह के न्यूनतम स्तर के करीब है। हालांकि, यह अब भी अपने सबसे निचले स्तर से ऊपर बना हुआ है।

## ट्रंप के टैरिफ वार से अमेरिकी शेयर बाजार में हाहाकार

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ बढ़ाने के फैसले के उच्चारण के बाद, वॉल स्ट्रीट पर भारी गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार और शनिवार को लगातार दूसरे दिन अमेरिकी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट सामने आई, जिसका असर वैश्विक ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं में दिखा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के तीनों प्रमुख इंडेक्स टूट गए और टेक कंपनियों के शेयरों से जुड़े इंडेक्स की गिरावट नी र मार्केट की दहलीज पर ला दिया। टैरिफ फैसले के चलते एसएंडपी 500 इंडेक्स से लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की पूंजी घट चुकी है, जिससे निवेशकों के मन में डर बढ़ गया है। अमेरिका की नई इकॉनमिक पॉलिसी और उसके कारोबारी साझेदारों की संभावित प्रतिक्रिया को लेकर निवेशकों में डर बढ़ गया है। इसी डर के चलते निवेशकों ने तेजी से शेयर बेच दिए हैं, जिससे बाजार बुरी तरह लुढ़क गया।

# सभी के लिए पेंशन राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए : पंकज चौधरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहला अंतरराष्ट्रीय पेंशन अनुसंधान सम्मेलन (आईआरसीपी) 2025 विश्व बैंक और विशेषज्ञों सहित वैश्विक प्रमुखों की भागीदारी के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में संपन्न हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सभी के लिए पेंशन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि आने वाले दशकों में भारत की जनसांख्यिकी बहुत तेजी से बदल रही है। वर्ष 2050 तक पांच में से एक भारतीय 60 वर्ष से अधिक आयु का होगा, जबकि 2047 तक बुजुर्गों की संख्या बच्चों की संख्या से ज्यादा हो जाएगी। अनुमान है कि सदी के मध्य तक 19 फीसदी आबादी बुजुर्ग होगी, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं होंगी। ऐसे में समावेशी पेंशन योजनाओं के जरिए वित्तीय

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली भारत के पेंशन क्षेत्र की आधारशिला के रूप में उभरी है, जो लाखों लोगों के लिए वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है
- आने वाले दशकों में भारत की जनसांख्यिकी बहुत तेजी से बदल रही है

स्वतंत्रता हासिल करना केवल एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि देश के लिए जरूरत है। 'सभी के लिए पेंशन' एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए, जिसके लिए हमारी वृद्ध हो रही आबादी के लिए एक सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए




नीतिगत योजना की आवश्यकता है। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव नागराजू मद्दिराला ने कहा कि भारत की पेंशन व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है। एकीकृत पेंशन प्रणाली की शुरूआत तथा इसमें अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के प्रयासों के माध्यम से हम सुरक्षित सेवानिवृत्ति के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं। यूपीएस में सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन की 50 फीसदी राशि पेंशन के रूप में प्रदान करने का प्रावधान है। भारत की पेंशन परिसंपत्तियां, जो सकल घरेलू उत्पादन का लगभग 17 फीसदी है, ओईसीडी औसत से बहुत कम है, जहां वे आमतौर पर 80 फीसदी से अधिक होती हैं। यह सेवानिवृत्ति की तैयारी में एक बड़ी असमानता को दर्शाता है। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष डॉ. दीपक मोहंती ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) भारत के पेंशन क्षेत्र की आधारशिला के रूप में उभरी है, जो लाखों लोगों के लिए वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है। इसमें 14.4 लाख करोड़ का संचित कोष और एनपीएस और एपीवाई के तहत 8.4 करोड़ ग्राहक हैं। जैसा कि हम प्रौद्योगिकी-आधारित पहलों और नए नीतिगत समाधानों को अपनाते हैं। हमारा ध्यान अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने और भावी पीढ़ियों के लिए पेंशन-समावेशी समाज बनाने पर रहता है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नई दिल्ली में आयोजित पहला आईआरसीपी 2025 कल संपन्न हो गया है। इसका उद्घाटन 3 अप्रैल को भारत मंडपम में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से किया था ताकि भारत की मजबूत वृद्धावस्था आय सुरक्षा की ऐतिहासिक यात्रा को महत्वपूर्ण बनाया जा सके।

## स्टैंड-अप इंडिया के तहत स्वीकृत ऋण बढ़कर हुआ 61 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्टैंड-अप इंडिया योजना ने हाशिए पर पड़े उद्यमियों को सशक्त बनाने के 7 साल पूरे कर लिए हैं। इसके तहत 61,000 करोड़ रुपये से अधिक के लोन स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना की शुरूआत 5 अप्रैल, 2016 को हुई थी। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि सरकार की स्टैंड-अप इंडिया योजना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित करते हुए अपने शुभारंभ के बाद से सात वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस योजना के तहत स्वीकृत ऋण अक्टूबर 2018 के 14,431.14 करोड़ रुपये से चार गुना से अधिक बढ़कर 17 मार्च, 2025 तक 61,020.41 करोड़ रुपये हो गए हैं। आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले वित्त मंत्रालय के द्वारा संचालित इस पहल का उद्देश्य अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इसका उद्देश्य इन समूहों को नए उद्यम स्थापित करने और समावेशी आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बनाना था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इस योजना का काफी विस्तार हुआ है।

# बजाज ऑटो ने 16,74,060 यूनिट्स का निर्यात किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वदेशी वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने मार्च 2025 के लिए अपनी बिक्री रिपोर्ट जारी की, जिसमें जबरदस्त वृद्धि देखने को मिली। कंपनी ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच 16,74,060 यूनिट्स का निर्यात किया, जो पिछले साल के 14,77,338 यूनिट्स की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। बजाज ने घरेलू बाजार में भी 23,08,249 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले वर्ष के 22,50,585 यूनिट्स से अधिक है। हालांकि, मार्च



2025 में बिक्री स्थिर रही। मार्च 2025 में बजाज ने 1,32,073 यूनिट्स का निर्यात किया, जो मार्च 2024 के 1,30,881 यूनिट्स से थोड़ा अधिक है। वहीं, घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री घटकर 1,32,073 यूनिट्स रह गई, जो मार्च 2024 में 1,83,004 यूनिट्स थी। हालांकि, पूरे वित्तीय वर्ष में कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा। बजाज ने हाल ही में पल्सर सीरीज की 2 करोड़ यूनिट्स की वैश्विक बिक्री पूरी होने का जश्न मनाते हुए चुनिंदा मॉडल्स पर आकर्षक डिस्काउंट की घोषणा की। इसके अलावा, बजाज ने कुछ मॉडलों की कीमतों में भी बदलाव किया है। एनएस 125 बेस वैरिएंट अब 99,994 रुपये और एनएस 125 एबीएस 1,06,739 रुपये में उपलब्ध है। पल्सर 125 नियोन पर 1,184 रुपये, पल्सर 125 कार्बन फाइबर पर 2,000 रुपये और पल्सर 150 के सिंगल डिस्क वेरिएंट पर 3,000 रुपये की छूट दी जा रही है। वहीं, पल्सर एन160 यूएसडी मॉडल पर 5,811 रुपये तक की छूट मिल रही है।

# रामनवमी पर शेमारू उमंग के कलाकारों ने साझा की श्रीराम से मिली जीवन की प्रेरणा

एजेंसी

**मुंबई।** राम नवमी का पावन पर्व नजदीक आते ही देशभर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल छा जाता है। धैर्य, सत्य, धर्म, और कर्तव्यनिष्ठा यह सारे मूल्य न केवल आम भक्तों के लिए, बल्कि हमारे टीवी कलाकारों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं। आइए जानें, शेमारू उमंग के लोकप्रिय कलाकार इस त्योहार को कैसे मनाते हैं। जमुनिया' शो में रतन व्यास की भूमिका निभाने वाले कलाकार रजत वर्मा ने बताया, राम नवमी मेरे लिए केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है। प्रभु श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म और सहनशीलता का



प्रतीक है। बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' शो में चमकिली का किरदार निभा रही अभिनेत्री इशिता गांगुली ने बताया, बचपन से ही मेरे घर में राम नवमी बहुत श्रद्धा से मनाई जाती रही है। व्रत, पूजा और रामायण पाठ हमारे पर्व का हिस्सा होते थे। इस दिन को याद करते ही वो महक, भजन और परिवार की एकजुटता याद आ जाती है। मैं दिल तुम धड़कन' शो में वृंदा का किरदार निभा रही राधिका मुत्थुकुमार ने कहा, राम नवमी मेरे लिए आत्मचिंतन और आस्था का दिन है। यह पर्व मुझे याद दिलाता है कि सच्चे नेतृत्व का आधार होता है विनम्रता, धैर्य और न्याय के लिए खड़े होना।

# सैमसंग ने पेश की स्मार्टथिंग्स-आधारित कस्टमाइज्ड कूलिंग तकनीक



**रांची।** गर्मियों की नींद हराम करने वाली रातों से छुटकारा पाने का समय अब आ गया है। भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने नवीनतम इनोवेशन 'कस्टमाइज्ड कूलिंग' के साथ घरेलू कूलिंग को एक नई परिभाषा दी है। स्मार्टथिंग्स पर आधारित यह अनूठा फीचर सैमसंग के स्मार्ट एयर कंडीशनर को वर्क्स विद स्मार्टथिंग्स सर्टिफाइड फैन और स्विच से सिंक्रनाइज करता है, जिससे बिना किसी मैन्युअल सेटिंग के आरामदायक माहौल मिलता है और बिजली की बचत होती है। स्लीप साइंस और कूलिंग की जरूरत आईईए की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बिजली की मांग हर साल 6-7% की दर से बढ़ रही है और इसका एक बड़ा कारण गर्मी के महीनों में एसी का बढ़ता इस्तेमाल है। इसके बावजूद ज्यादातर घरों में एसी के साथ-साथ पंखों का भी इस्तेमाल जारी है। सैमसंग के उपभोक्ता अनुभव अध्ययन से पता चला है कि भारतीय घरों में औसतन तीन पंखे होते हैं।

# पोको सी 71 : सेगमेंट के अल्टीमेट ब्लॉकबस्टर ने बाजार में रखा कदम

एजेंसी

**बैंगलोर।** परफॉर्मेंस-फोकस्ड टेक ब्रांड पोको ने बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में अपनी नई पेशकश पोको सी71 लॉन्च कर दी है। बेहतरीन डिस्प्ले, दमदार फीचर्स और अत्याधुनिक परफॉर्मेंस के साथ यह स्मार्टफोन अपने मूल्य वर्ग में एक नई मिसाल कायम करता है। सिर्फ 6,499 में, पोको सी71 सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है जो 6.88 इंच का HD+ डिस्प्ले, 120Hz अडेप्टिव रिफ्रेश रेट और T.V Rheinland ट्रिपल आई प्रोटेक्शन जैसी प्रीमियम विशेषताएं पेश करता है। वेट टच डिस्प्ले तकनीक के साथ यह फोन गीले हाथों या हल्की बारिश में भी सटीक टच रिस्पॉन्स देता है।




रिफाइंड, स्टाइलिश कैमरा डेको के साथ स्लीक फ्लैट फ्रेम डिवाइस को एक प्रीमियम लुक और फील देता है, जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे अलग बनाता है। एक प्रीमियम गोल्डन रिंग कैमरा डेको और बोल्ड, आकर्षक लुक के लिए एक खास स्प्लिट-ग्रिड डिजाइन की विशेषता है। केवल 8.26 मिमी पतला होने से यह एक आरामदायक पकड़ प्रदान करता है, जिससे पूरे दिन सहज हैंडलिंग की जा सकती है। गोल्ड, ब्लू और ब्लैक जैसे तीन शानदार रंगों में उपलब्ध पोको सी 71 एक डायनेमिक पैकेज में खूबसूरती और परफॉर्मेंस दोनों प्रदान करता है। एक मजबूत ऑक्टा-कोर प्रोसेसर और 12GB डायनेमिक रैम (6GB+6GB वर्चुअल) पर चलने वाला, पोको सी71, 36 महीने तक बिना किसी रुकावट के शानदार अनुभव प्रदान करता है। इस फोन में Android 15 आउट-ऑफ-द-बॉक्स के साथ एक साफ-सुथरे, बिना किसी रुकावट के फोन इस्तेमाल करने का अनुभव और 2+4 साल के सॉफ़्टवेयर अपडेट का फायदा मिलता है। बजट स्मार्टफोन कटेगरी में एक दुर्लभ विशेषता है। इतनी ही नहीं, अगर आप कीमती पलों को कैद करना पसंद करते हैं, सी71 का 32MP डुअल रियर कैमरा और 8MP फ्रंट कैमरा सभी परिस्थितियों में शानदार, उच्च गुणवत्ता वाले शॉट्स ले सकता है।

## हिमाचल एग्रो इंडस्ट्रीज ने की 2024-25 में 94 करोड़ की बिक्री

**शिमला।** वित्त वर्ष 2024-25 में हिमाचल प्रदेश एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन को 94.44 करोड़ रुपये की बिक्री के साथ 4.90 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। हिमाचल के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में हिमाचल प्रदेश एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीएआईसी) का लाभ 1.64 करोड़ रुपये रहा। निगम के निदेशक मंडल की 261वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए नेगी ने किसानों के हित में एचपीएआईसी की सभी परिचालन गतिविधियों को मजबूत करने की जरुरत पर जोर दिया। यहां जारी बयान के मुताबिक एचपीएआईसी से अपना कामकाज बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाने पर भी जोर दिया गया।

### बॉक्स ऑफिस पर फिल्म द भूतनी और ओए भूतनी के बीच होगी रोमांचक टक्कर

# संजय दत्त से भिड़ेगे मिथुन चक्रवर्ती के पुत्र मिमोह

**मुंबई।** स्त्री और भूलभुलैया की जबर्दस्त सफलता ने बॉलीवुड में हॉरर कॉमेडी फि ल्मों की लाइन लगा दी है और अब तो ऐसा हो गया है कि फि ल्मों के नाम भी एक जैसे रखे जाने लगे हैं। एक ओर जहां संजय दत्त और मौनी रॉय की हॉरर कॉमेडी फिल्म द भूतनी 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है वहीं उसके अगले हफ्ते 25 अप्रैल को एक और हॉरर कॉमेडी फिल्म ओए भूतनी के रिलीज होने जा रही है जिसमें मिथुन चक्रवर्ती के पुत्र मिमोह हीरो हैं। सिर्फ एक सप्ताह के अन्तर मे यह दोनों फि ल्में बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने जा रही हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि रोमांचक टक्कर देखने को मिलेगी। हॉरर कॉमेडी फिल्म ओए भूतनी के की टीम फिल्म को लेकर काफी उत्साहित लग रही है।




मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह चक्रवर्ती पहली बार इस हॉरर कॉमेडी जानर में नजर आएंगे हालांकि वह हॉरर फिल्म हॉन्टेड मे अपनी अदाकारी से प्रभावित कर चुके हैं। विजन मोशन फिल्म्स के बैनर तले बनी पिक्चर में मिमोह चक्रवर्ती के अलावा आदित्य कुमार, निकिता शर्मा, डायना खान, रोहित सूर्यवंशी, अमित सिन्हा, जितेंद्र यादव और जीत राय जैसे कलाकारों ने अदाकारी की है। यह फैमिली ड्रामा सभी के देखने लायक है। फिल्म के निर्देशक अजय कैलाश यादव का कहना कि ओय भूतनी के अपने नाम के अनुसार इसकी कहानी भी काफी अलग और युवाओं को पसन्द आने वाली है। फिल्म में हास्य और डर का अद्भुत मिश्रण है। हमारी फिल्म काफी समय से अपने टाइटल को लेकर मीडिया में और दर्शकों के बीच चर्चा में थी।

## टाटा स्टील को 25,000 करोड़ की कर माफी पर नोटिस

**मुंबई।** टाटा स्टील ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 के लिए कर-योग्य आय का पुनर्मूल्यांकन कर उसमें 25,000 करोड़ रुपये बढ़ाने का आदेश मिला है। कंपनी ने इस आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मूल्यांकन अधिकारी, आयकर उपायुक्त कार्यालय, सर्किल 2(3)(1), मुंबई की तरफ से 13 मार्च को जारी कारण बताओ नोटिस के बाद 31 मार्च को यह मूल्यांकन आदेश आया। कंपनी को 13 मार्च को भेजे गए नोटिस में वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कर योग्य आय के पुनर्मूल्यांकन के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2018-19 में 25,185.51 करोड़ रुपये की छूट से संबंधित अतिरिक्त दस्तावेज मांगे गए थे।

# हेल्थ इंश्योरेंस सुरक्षा कवच मन को शांति देता है : बजाज आलियांज

**रांची।** अनिश्चितताओं से भरी आज की दुनिया में, हेल्थ इंश्योरेंस न केवल हमारे लिए एक सुरक्षा कवच है, बल्कि यह स्थिरता और मन की शांति भी प्रदान करता है। यह आपको और आपके प्रियजनों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक फाइनेंशियल सहायता प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आप अधिक खर्चा होने की चिंता किए बिना मेडिकल केयर प्राप्त कर पाएं। याद रखें कि अपनी पॉलिसी को रिन्यू करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि इसे पहली बार खरीदना, क्योंकि यह अप्रत्याशित मेडिकल बिलों से अपनी मौजूदा सुरक्षा को जारी रखने के लिए जरूरी है। अपनी पॉलिसी को समय पर रिन्यू करके, आप इसकी सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकते हैं और कवरेज की सुरक्षा समाप्त होने से बच सकते हैं। इस तरह, आपकी आर्थिक सुरक्षा और मन की शांति सुनिश्चित होती है और आप और आपके प्रियजनों को हर प्रकार की मेडिकल एमरजेंसी के लिए तैयार रहने में मदद मिलती है। समय पर अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी को रिन्यू करने के कई महत्त्व हैं: निरंतर कवरेज: समाप्त होने से पहले अपनी पॉलिसी को रिन्यू करने से आपको निरंतर कवरेज मिलती रहती है, ताकि आप और आपके प्रियजन हमेशा सुरक्षित रहें, चाहे जैसी भी अनदेखी स्वास्थ्य समस्या आए। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि आपका एक छोटा बच्चा है जिसे सर्दियों में फ्लू हो जाता है और जब आप अपने बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाते हैं, तो डॉक्टर कुछ टेस्ट करवाने को कहता है और साथ ही आपके बच्चे के लिए कुछ दवाएं भी लिखकर देता है।

# थम्सअप के 50 साल पूरे, ऑल थंडर, नो शुगर लांच

**मुंबई।** कोका-कोला इंडिया के अरबों डॉलर के प्रतिष्ठित घरेलू ब्रांड थम्स अप ने अब अपने नए प्रोडक्ट थम्स अप एक्सफोर्स के साथ नो-शुगर बेवरेज सेगमेंट में एक नया मानदंड स्थापित किया है। ऑल थंडर, नो शुगर टैगलाइन के साथ लॉन्च हुआ यह ड्रिंक बिना चीनी के, थम्स अप के उसी पुरानी दमदार स्वाद और तेज बुलबुले के अनुभव को बरकरार रखता है। ब्रांड के 50 साल पूरे होने से पहले यह लॉन्च कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ऑल थंडर, नो शुगर। टैगलाइन सब कुछ कहती है। थम्स अप एक्सफोर्स उन युवाओं के लिए बनाया गया है जो हमेशा कुछ नया और बेहतर करने की कोशिश करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका मुकाबला खुद उनसे है, वे किसी भी सीमा में नहीं रहना चाहते और




आजाद उड़ना चाहते हैं। थम्स अप एक्सफोर्स का डिजाइन भी बहुत आकर्षक और दमदार है, जो युवाओं को पसंद आएगा। यह ड्रिंक युवाओं को ऐसा महसूस कराएगा कि वे शक्तिशाली और आत्मविश्वासी हैं और उन्हें एक अलग पहचान देगा। थम्स अप एक्सफोर्स की आधिकारिक शुरूआत से पहले ही इसकी मांग आसमान छू रही है। थम्स अप और जेप्टो ने एक क्यू-कॉम उद्योग में पहली बार प्री-बुक सुविधा शुरू करने के लिए सहयोग किया, ताकि लोगों के बीच रोमांच को बढ़ाया जा सके। जेप्टो पर आने से उपभोक्ता देशभर में लॉन्च होने से पहले थम्स अप एक्सफोर्स की पहली घूंट का आनंद उठाएंगे। यह साझेदारी युवाओं के लिए प्रासंगिक रहने और उन्हें नए-नए तरीकों से तकनीक का लाभ उठाकर प्रीमियम उत्पाद लाने के लिए थम्स अप और जेप्टो दोनों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सुमेली चैटर्जी, कैटेगरी हेड - स्पार्कलिंग फ्लेवर्स, कोका-कोला इंडिया और साउथ वेस्ट एशिया ने कहा, थम्स अप हमेशा से नए और बेहतर उत्पाद बनाने में आगे रहा है। थम्स अप एक्सफोर्स भी उसी दिशा में एक नया प्रयास है। यह बिना चीनी वाला पेय है, लेकिन इसका स्वाद थम्स अप के पुराने दमदार स्वाद जैसा ही है। हम हमेशा से थम्स अप के मूल स्वाद को बनाए रखते हुए नए उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। जेप्टो के साथ साझेदारी करके, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ग्राहकों को यह नया पेय सबसे पहले मिले। इससे यह भी पता चलता है कि ब्रांड और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म मिलकर नए तरीके से काम कर रहे हैं। कैवल्य वोहरा, सह-संस्थापक जेप्टो ने कहा, थम्स अप एक्सफोर्स की लॉन्च से पहले ही बहुत मांग थी।

# सैमसंग ने लांच किया एक्सटेंडेड वारंटी कैंपेन

एजेंसी

**पटना।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने चुनिंदा रेफ्रिजरेटर और फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों पर सैमसंग केयर के साथ एक विशेष एक्सटेंडेड वारंटी कैंपेन शुरू किया है। यह ऑफर देशभर में उपलब्ध है और 30 अप्रैल 2025 तक मान्य रहेगा। इस विशेष ऑफर में, उपभोक्ता केवल रुपए 499 में 4,290 की कीमत वाली सैमसंग केयर योजना के साथ फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन पर दो साल की एक्सटेंडेड और कॉम्प्रिहेंसिव वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। वहीं रेफ्रिजरेटर की बात करें तो, फ्रेंच डोर और साइड-बाय-साइड (एसबीएस) मॉडल्स पर 4,490 की वारंटी केवल 449 में और 500 लीटर से कम के फ्रॉस्ट-फ्री मॉडल्स पर 1,270 की वारंटी केवल 349 में एक साल के लिए उपलब्ध है। इस ऑफर के तहत उपभोक्ता बेहद किफायती




कीमत पर अपने उपकरणों के लिए बेहतर सुरक्षा और लंबे समय तक सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उपकरण खरीदते समय ड्यूरेबिलिटी यानी टिकाऊपन एक अहम पहलू होता है, जिसे ध्यान में रखते हुए सैमसंग ने यह पहल की है, ताकि ग्राहकों को बेहतरीन आफ्टर-सेल्स सेवा के साथ भरोसा और संतुष्टि मिल सके। ग्राहक इस सीमित समय के ऑफर का लाभ सैमसंग के रिटेल स्टोर्स, सैमसंग डॉट कॉम और देशभर की अन्य रिटेल दुकानों पर उठा सकते हैं। कंपनी का कहना है कि वह उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और उत्कृष्ट बिक्री पश्चात सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# खास खबर

## पापुआ न्यू गिनी में 6.9 तीव्रता का भूकंप

पोर्ट मोरेस्बी। पापुआ न्यू गिनी के तट पर आज शक्तिशाली भूकंप आने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सुनामी की चेतावनी जारी की गई, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.9 रही। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) की खबर में यह जानकारी दी गई। एबीसी के अनुसार, यूएसजीएस के अधिकारियों ने कहा कि भूकंप शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:04 बजे (एईडीटी के अनुसार सुबह 7:04 बजे) न्यू ब्रिटेन द्वीप के दक्षिणी तट के पास 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह स्थान निकटतम शहर किम्बे से लगभग 194 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है।

## मेक्सिको में मासूम बच्ची में हुई बर्ड फ्लू की पुष्टी, अस्पताल में भर्ती

मैक्सिको सिटी। मैक्सिको सिटी के पश्चिमी राज्य दूरांगो की 3 साल बच्ची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। यहां इस वायरस का यह पहला मानव मामला है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि टाइप ए एच5एन1 इन्फ्लूएंजा अमेरिका में जानवरों और कुछ लोगों के जरिए से फैल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि बच्ची को आहुइला राज्य के पास स्थित टोरेऑन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे शुरूआत में फ्लू-रोधी दवा दी गई थी। बयान में कहा गया है कि अभी यह पता नही चल पाया है कि बच्ची वायरस की चपेट में कैसे आई।

## भारतीय नागरिक को चाकुओं से गोदा, आरोपी गिरफ्तार

ओटावा। कनाडा के रॉकलैंड क्षेत्र में शनिवार को एक भारतीय नागरिक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दूतावास ने अपने पोस्ट में लिखा, हम रॉकलैंड में भारतीय नागरिक की चाकू मारकर हुई दुखद मृत्यु से गहरे दुखी हैं। पुलिस ने बताया है कि एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम स्थानीय समुदाय के माध्यम से शोक संतप्त परिवार को सभी संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, क्लेरेंस-रॉकलैंड में आज सुबह एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और दूसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह वही घटना है जिसका उल्लेख भारतीय दूतावास ने अपने पोस्ट में किया है। कनाडा में भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी है। दूतावास के अनुसार, एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहां की पुलिस ने घटना के विवरण का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन भारतीय दूतावास ने कहा कि वे पीड़ित के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## आयुष्मान भारत योजना के लिए 10 से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली। दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू करने के लिए शनिवार को भारत सरकार के नेशनल हेल्थ अथॉरिटी व दिल्ली सरकार के स्टेट हेल्थ अथॉरिटी के बीच एक औपचारिक समझौता होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। ये कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित रंग भवन में आज दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस योजना के लिए 10 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होगी।

## विमान सेवाएं बंद होने से वीरान हुआ छतरपुर एयरपोर्ट

छतरपुर। मध्य प्रदेश का नंबर वन और देश के आठवें नंबर पर रहने वाला खजुराहो एयरपोर्ट विमान सेवाएं बंद होने से वीरान हो गया। यह हाल एयरपोर्ट का तब है जबकि हाल ही में की गई रैंकिंग में इसे देश का आठवां और प्रदेश का पहला बड़ा एयरपोर्ट बताया गया था। यहां उतरने वाले और उड़ान भरने वाले तमाम विमान बंद कर दिए गए हैं। भोपाल के साथ ही दिल्ली और वाराणसी के बीच चलने वाले विमानों के बंद होने से एयरपोर्ट पर वीरानी छाई है।

# नक्सली आत्मसमर्पण करें, सरकार संरक्षण देगी : अमित शाह

● किसी नक्सली को मारने पर हमें खुशी नहीं होती

एजेंसी

दंतेवाड़ा। बस्तर पंडुम महोत्सप 2025 को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं अभी-अभी बस्तर की अराध्य मां दंतेश्वरी का दर्शन कर माता से आशीर्वाद लेकर आया हूं कि अगले चैत्र नवरात्र तक लाल आतंक खत्म हो जाये और बस्तर खुशहाल हो जाये। उन्होंने कहा कि बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर पंहुच गया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील करते हुए कहा कि आप भी हमारे अपने हैं। किसी को मारकर खुशी नहीं होती। इसीलिए हम कहते हैं कि आत्मसमर्पण करें। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार आत्मसमर्पित नक्सलियों को संरक्षण देगी। लेकिन अगर आप हथियार लेकर देश के विकास में बाधक बनेंगे तो सुरक्षाबल आपसे निपटेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा नक्सली हथियार लेकर आदिवासी भाई बहनों का विकास नहीं रोक सकते। इसके लिए पूरे मन से अपील है। विकास के लिए हाथ में बंदूक की जरूरत नहीं है कंप्यूटर चाहिए। आज हम नक्सलवाद के खिलाफ दोनों तरफ से आगे बढ़ रहे हैं। जो समझ गए हैं कि विकास के लिए हाथ में बंदूक की जरूरत नहीं है, कंप्यूटर की जरूरत है। विकास के लिए आईईडी, हथगोला नहीं चाहिए कलम चाहिए, उन्होंने सरेंडर कर दिये हैं। अमित शाह ने मंच से कहा कि श्साल 2025 में अब तक 521 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। साल 2024 में 881 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। जो सरेंडर करेंगे



वो मुख्य धारा में आएंगे और जो हथियार लेकर आएंगे उनके साथ सुरक्षा कर्मी निपटेंगें। जो भी होगा मार्च तक पूरे देश को इस लाल आतंक से मुक्त करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। उन्होंने कहा, ह्यद्यइस क्षेत्र को विकास की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच वर्ष में बस्तर को वह सब कुछ देना चाहते हैं, जिसने 50 साल से विकास नहीं देखा। लेकिन यह कैसे हो सकता है? यह तभी हो सकता है जब बस्तर में शांति हो, बच्चे स्कूल जाएं, गांवों और तहसीलों में स्वास्थ्य सुविधाएं हों, हर किसी के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड और स्वास्थ्य बीमा हो। यह तभी हो सकता है जब बस्तर के लोग तय करें कि वे अपने घरों और गांवों को नक्सल मुक्त बनाएंगे। उन्होंने नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामवासियों से कहा कि ग्राम स्तर पर ग्रामसभा कर नक्सलियों को आत्मसमर्पण करवाकर गांवों को नक्सल मुक्त बनाइए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव नक्सलियों के आत्मसमर्पण में मदद करेंगे और खुद को माओवादी मुक्त घोषित करेंगे, उन्हें एक करोड़ रुपये (निर्माण कार्यों के लिए) दिए जाएंगे। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर पंडुम का आयोजन होगा। अगले साल बस्तर पंडुम के नाम से देश के हर एक कोने से आदिवासी जनजातीय समुदाय के लोग यहां पहुंचेंगे। उन्होने कहा कि बस्तर पंडुम महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी देशों के राजदूतों को बस्तर भ्रमण करवाया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कहा कि बस्तर के महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की हत्या कांग्रेस के आकाओं ने करवाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 75 साल तक गरीबी हटाओ का नारा लगाया। लेकिन गरीबी नही हटी।

## भारत-श्रीलंका ने रक्षा सहयोग सहित 7 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच शुक्रवार को कोलंबो में द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने पहली बार एक महत्वाकांक्षी रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्ष त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते में भी शामिल हुए हैं। कुल मिलाकर दोनों पक्षों ने आज सात प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति दिसानायके के साथ प्रेस मीट को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-श्रीलंका के सुरक्षा हित समान हैं। दोनों देशों की सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है और एक-दूसरे पर निर्भर है। उन्होंने कहा, मैं भारत के हितों के प्रति राष्ट्रपति दिसानायके की संवेदनाओं के लिए उनका आभारी हूं।

# झोपड़ी में सो रहे लोगों पर ट्रेलर चढ़ा, तीन बच्चियों की मौत, दो घायल

● हादसे से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर लगाया जाम



एजेंसी

गाजीपुर। जिले के गहमर कोतवाली क्षेत्र के पथरा गांव के समीप दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने सड़क किनारे बने झोपड़ी में सो रहे पांच लोगों को रौंद दिया। हादसे में तीन बच्चियों की मौत हो गई, वहीं दो की हालत नाजुक बनी हुई है। शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे की जानकारी पाते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही नाराज क्षेत्रीय लोग सड़क पर उतर आए। पुलिस अफसरों ने उन्हें किसी तरह समझा-बुझा कर शांत किया। इस दौरान लोग मृत बच्चों के परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग की गई। पुलिस के मुताबिक पथरा गांव के पास सड़क किनारे लालजी डोम परिवार के साथ झुग्गी झोपड़ी डालकर उसमें रहते हैं। शुक्रवार की देर रात भदौरा की ओर से आए ट्रेलर ने सड़क किनारे झुग्गी में सो रहे लालजी के परिजनों को रौंद दिया। हादसे में लालजी की बेटी कबूतरी (5), ज्वाला (2) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं,उनकी पत्नी संतरा देवी (30) और बेटी सपना (7) समेत एक और बच्चा घायल हो गया।

## अमेरिका में 75 दिन और चलेगा टिकटॉक: ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह टिकटॉक के संचालन को अमेरिका में 75 दिन और जारी रखने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, ताकि उनके प्रशासन को इस सोशल मीडिया मंच को अमेरिकी स्वामित्व में लाने के लिए समझौता करने के वास्ते और समय मिल सके। बता दें कि ट्रंप ने शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक को बड़ी राहत देते हुए उसे बेचने का समय बढ़ा दिया है। ट्रंप ने हाल ही में लोकप्रिय सोशल मीडिया साइट में हिस्सेदारी खरीदने की मांग करने वाली अमेरिकी कंपनियों की ओर से कई प्रस्तावों पर विचार किया है, लेकिन चीन की बाइटडांस, जो टिकटॉक और इसके करीबी एल्गोरिदम का मालिक है, ने जोर देकर कहा है कि उसका मंच बिक्री के लिए नहीं है।

# दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर और उत्तर पूर्वी राज्यों में पड़ेगी भीषण गर्मी



एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर से लेकर उत्तर और उत्तर पूर्वी राज्यों में अभी तक गर्मी से राहत थी लेकिन अब भीषण गर्मी पड़ने वाली है। मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी जारी कर बताया कि दिल्ली समेत आसपास के राज्यों में 9 अप्रैल तक हीट वेव और भीषण गर्मी की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम और पूर्वी राजस्थान और मध्य प्रदेश में 10 अप्रैल तक हीट वेव चलेगी। मौसम विभाग ने जमीन पर मध्य प्रदेश, अंडमान निकोबार और अरब सागर में एक साथ बन रहे साइक्लोनिक सकुर्लेशन की भी बात की है। मौसम विभाग के मुताबिक इनके प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हिस्सों में हल्की बारिश के साथ तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने प्रायद्वीपीय भारत, अंडमान निकोबार, ओडिशा और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में बारिश की संभावना जताई है। साथ ही पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्सों जो कि गंगा का भाग है वहां पर भी बारिश हो सकती है। वहीं, मौसम विभाग ने दक्षिण भारत के राज्यों के लिए भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसे प्री-मानसून भी कह सकते

# श्रीलंका 10 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद भेजेगा म्यांमार



एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका भूकंप प्रभावित म्यांमार को 10 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद देने के अलावा बचाव, राहत और चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के लिए वहां तीन सैन्य दल भेज रहा है। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर श्रीलंका का विशेष विमान शनिवार को रवाना होगा। श्रीलंका से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की मदद के अलावा बचाव, राहत और चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के लिए तीन सैन्य दल भेजे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बौद्ध संप्रदाय के तीन नेताओं ने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ धार्मिक संबंधों को देखते हुए राहत सहायता का प्रबंध किया है। बौद्ध बहुसंख्यकों के प्रमुख तीर्थस्थल द टेंपल ऑफ द टूथ ने कहा कि वह म्यांमार के लिए अलग से एक करोड़ 50 लाख रुपए एकत्र कर रहा है।

# ताइवान की सीमा पर चीनी लड़ाकू विमानों का जमावड़ा



एजेंसी

ताइपे। चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से टकराव की स्थिति रही है। आए दिन एक चीन सीमा नियमों का उल्लंघन करता रहा है। इसी बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि शुक्रवार सुबह 6 बजे चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 12 विमान और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के 6 पोतों की गतिविधि ताइवान के आसपास दर्ज की हैं। ताइवान का दावा है कि इन 12 विमानों में से 9 ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। इससे पहले, एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने ताइवान के आसपास चीन की सेना द्वारा हाल ही में किए गए संयुक्त अभ्यास के बाद ताइवान जलडमरूमध्य में यथास्थिति में किसी भी एकतरफा बदलाव के प्रति अपनी अस्वीकृति दोहराई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ताइवान जलडमरूमध्य में शांति बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हैं और बल या दबाव के जरिए यथास्थिति में किसी भी एकतरफा बदलाव के प्रयास का विरोध किया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक पोस्ट में लिखा, पीएलए के 12 विमान और चीन नेवी के 6 पोत ताइवान के आसपास सक्रिय पाए गए हैं। इनमें से 9 विमानों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया।

# पाकिस्तान भी चला अमेरिकी के नक्शे-कदम पर, सैकड़ों अफगानियों को वापस भेजेगा

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने अफगान नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों समेत सैकड़ों अवैध विदेशियों को हिरासत में लिया गया है और फिर उन्हें अफगानिस्तान वापस भेजने के लिए शिविरों में भेज दिया है। पाकिस्तान में अफगान नागरिकों की स्वैच्छिक वापसी के लिए 31 मार्च की समय-सीमा के बाद सैकड़ों अफगान नागरिकों को हिरासत में लिया है और उनके परिवारों के साथ उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि सुरक्षा बलों को जारी निर्देशों से पता चलता है कि यदि कोई भी अफगान नागरिक आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया गया तो पूरे परिवार को निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। काबुल में तालिबान सरकार ने इस्लामाबाद से पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया में देरी का अनुरोध किया था, लेकिन इस्लामाबाद इसमें ढील देने के मूड में नहीं है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने नए सिरे से कार्रवाई की घोषणा की है, जिसमें कहा गया कि वह बिना कानूनी निवास परमिट वाले व्यक्तियों को निर्वासित करेगा, जबकि वैध कार्डधारकों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ेगा।

# अमेरिका में 10 फीसदी टैरिफ लेना शुरू, दूसरा पार्ट अगले हफ्ते से होगा लागू




एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंटों ने शनिवार को कई देशों से सभी आयातों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एकतरफा 10 फीसदी टैरिफ को इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। अगले सप्ताह यानी 9 अप्रैल से शुरू होने वाले 57 बड़े व्यापारिक भागीदारों से माल पर उच्च शुल्क शामिल है। शुरूआत 10 फीसदी बेसलाइन टैरिफ अमेरिकी बंदरगाहों, हवाई अड्डों और सीमा शुल्क गोदामों पर प्रभावी हो गया है, जिससे ट्रंप द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पारस्परिक रूप से सहमत टैरिफ दरों की प्रणाली को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया गया है। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान होगन लोवेल्स के कॉरपोरेट लॉयर और व्हाइट हाउस के पूर्व व्यापार सलाहकार ने कहा कि यह हमारे जीवनकाल की सबसे बड़ी व्यापार पर कार्रवाई है।

# एसप्रेसो कैमरों ने की एक नए सुपर-अर्थ ग्रह की खोज

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के ट्रांज़िटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस) और चिली के वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) पर लगे एसप्रेसो कैमरों ने एक नए सुपर-अर्थ ग्रह की खोज की है। इस नए ग्रह का नाम टीओआई-776 बी रखा गया है। इस खोज से ब्रह्मांड में कुछ खास तरह के एक्सोप्लेनेट्स की कमी को समझने में मदद मिल सकती है, और इसके साथ ही यह जानने में भी मदद मिलेगी कि कुछ ग्रहों पर वायुमंडल क्यों नहीं होते हैं।



टीओआई-776 बी, टीईएसएस द्वारा खोजा गया एक नया ग्रह है, जो पृथ्वी से 1.8 गुना बड़ा और 5 गुना अधिक द्रव्यमान वाला है। यह ग्रह अपने तारे, जो कि एक लाल बौना है, के चारों ओर केवल 8.2 दिनों में एक पूरा चक्कर लगाता है। इसके बाद, वीएलटी पर लगे एसप्रेसो उपकरण ने इस ग्रह की पुष्टि की और इसके द्रव्यमान को मापने के लिए रेडियल वेलोसिटी पद्धति का इस्तेमाल किया। सुपर-अर्थ ऐसे ग्रह होते हैं जो पृथ्वी से बड़े होते हैं, लेकिन नेपच्यून से छोटे होते हैं। खगोलज्ञों ने ब्रह्मांड में सुपर-अर्थ और मिनी-नेपच्यून के बीच एक अजीब कमी को देखा है, जिसे रेडियस वैली कहा जाता है। इस कमी के कारण अभी तक पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन टीओआई-776 बी की खोज इस रहस्य को सुलझाने में मदद कर सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह कमी ग्रहों के वायुमंडल के नष्ट होने से जुड़ी हो सकती है।

# अपना दल का संगठन विस्तार करना होगा: डॉ. अखिलेश

● हजारों की संख्या में दिलाई गई सदस्यता

● जोनल कार्यालय का हुआ उद्घाटन



एजेंसी

इंदौर। हाल ही में अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई की एक अहम बैठक संपन्न हुई। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के निदेर्शानुसार यह बैठक राष्ट्रीय महासचिव (युवा मंच) डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन और राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश और जिला कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। जहाँ हजारों की संख्या में नए सदस्यों को सदस्यता दिलाई गई, तथा एक जोनल कार्यालय का भी शुभारम्भ किया गया। बैठक के दौरान डॉ. अखिलेश पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रदेश में अपना दल (एस) को दूसरे नंबर का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने के लिए हमें संगठित प्रयास करने होंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पार्टी की मजबूती का हवाला देते हुए 'यूपी में जारी है, एमपी की बारी है' का नारा दिया, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ। इसी कड़ी में, डॉ. अतुल मलिकराम ने दलित, पिछड़े और कमजोर वर्ग की आवाज को बुलंद करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन को मजबूत करने के लिए हम सबको एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी से बालकृष्ण गौर, राजेश्वर मिश्रा, मंचित लिखितकर, अनिल सोनी, कैलाश गवांडे, वंदना नामदेव, मुकेश मराठा, एस. आर. नागले, हरीश तलरेजा, यश कुमार, मुस्कान सिंह, रोहित चंदेल व इकबाल पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। वहीं, जिला कार्यकारिणी से मुकेश जाट, त्रिलोकी सिंह, बबलू यादव, राजेश कुमार पाल, मनीष सिंह राजपूत, धनीराम केवट, मनीष सिरवरिया, महेश सिंह समेत कई जिला पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार, आगामी रणनीतियों और जनसंपर्क अभियान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस आयोजन ने कार्यकताओं को नई दिशा देने का कार्य किया, जिससे मध्य प्रदेश में पार्टी के विस्तार की संभावनाएं और प्रबल हो गई हैं।

# पेंटागन ने गार्सिया के सैन्य अड्डे पर छह बी-2 स्टील्थ बॉम्बर विमानों को तैनात किया

एजेंसी

वॉशिंगटन। पेंटागन ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया के सैन्य अड्डे पर कम से कम छह बी-2 स्टील्थ बॉम्बर विमानों को तैनात किया है। यह अड्डा अमेरिका और ब्रिटेन का संयुक्त सैन्य ठिकाना है। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि इन अत्याधुनिक विमानों को डिएगो गार्सिया के रनवे पर खड़ा किया गया है। अमेरिका के पास कुल 20 बी-2 स्टील्थ बॉम्बर हैं, जो दुनिया के सबसे एडवांस सैन्य विमानों में से एक माने जाते हैं। इस तैनाती के साथ, अमेरिका ने अपनी लगभग 30 प्रतिशत बी-2 फ्लीट को इस क्षेत्र में भेज दिया है, जो एक बड़े रणनीतिक कदम का संकेत देता है। इसके अलावा, अमेरिका ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अपने विमानवाहक पोतों की संख्या को एक से बढ़ाकर तीन करने की योजना बनाई है। इनमें से दो विमानवाहक हिंद महासागर में और एक दक्षिण चीन सागर के पास पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में तैनात किया जाएगा। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर बी-2 बॉम्बर और विमानवाहकों की तैनाती केवल यमन के हूती विद्रोहियों या ईरान के लिए नहीं हो सकती। उनका कहना है कि दो बी-2 बॉम्बर, जिनमें से प्रत्येक 40,000 पाउंड का पेलोड ले जाने में सक्षम है, हूती विद्रोहियों से निपटने के लिए पर्याप्त होते। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह तैनाती क्षेत्र में चीन और रूस जैसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों को रोकने और उनकी सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने के लिए की गई है, जो ईरान के सहयोगी माने जाते हैं।अमेरिका ने एक बड़े सैन्य कदम के तहत इंडो-पैसिफिक और हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी अब तक की सबसे बड़ी बी-2 स्टील्थ बॉम्बर फ्लीट और तीन विमानवाहक पोतों की तैनाती की है।

# प्रभु श्री राम को प्रसन्न करने के लिए राम नवमी के दिन करें ये उपाय, पूर्ण होगी आपकी मानोकामना

**रामनवमी का त्योहार हिंदू धर्म बेहद महत्व रखता है। इस खास दिन को प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। वैसे तो राम नवमी का धार्मिक महत्व है, तो वहीं, दूसरी ओर इस दिन का ज्योतिष में विशेष स्थान है। आइए आपको राम नवमी के उपायों के बारे में बताते हैं।**

राम नवमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्मोत्सव के तौर पर मनाया जाता है। राम नवमी हिंदू महीने चैत्र के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। राम नवमी की दिन भगवान श्री राम के बाल स्वरुप की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो भी व्यक्ति पूरी श्राद्धा से श्री राम के बाल स्वरुप की आराधना की जाती है, जिससे व्यक्ति के जीवन में सदैव सुख-समृद्धि बनीं रहती है। इस लेख में हम आपको राम नवमी के उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**चंदन का उपाय**

चंदन की प्राकृति वैसे ठंडी होती है। माना जाता है कि जिस वस्तु का जैसा प्राकृतिक स्वभाव होता है उसका वैसा ही प्रभाव व्यक्ति के जीवन पड़ता है। इस उपाय को करने के लिए राम नवमी के दिन एक कटोरी में चंदन घोलें और इसके बाद इस लेप से घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक बनाएं। ऐसा करने से घर में सकारात्मक संचार और सुख-समृद्धि बनीं रहती है। इसके अतिरिक्त, चंदन के लेप से एक सफेद कागज पर श्री राम लिखिए और उसे आप अपने घर के मंदिर रख दीजिए। ऐसा करने से पारिवारिक क्लेश दूर हो जाएगा। रिश्तों में प्रेम बढ़ेगा, संबंधों में मजबूती आएगी।

**पीले वस्त्र का उपाय**

इसके लिए आप एक पीला कपड़ा लें और उसे मंदिर में दान कर दीजिए। शास्त्रों के मुताबिक राम नवमी के दिन पीला कपड़ा मंदिर में दान करने से सफलता प्राप्त होती है, इसके साथ ही काम में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो जाती है। वैवाहिक जीवन से जुड़ी कोई वस्तु पीले कपड़े में बांधकर रख जाए तो इससे वैवाहिक जीवन का क्लेश दूर हो जाता है। वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है।

**धनुष का उपाय करें**

श्री राम का अस्त धनुष और बाण थे। राम नवमी के दिन घर पर धनुष और बाण रखा जाए तो इससे न सिर्फ नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती है और शत्रुओं का नाश होता है। हर परेशानी से बाहर निकलने का रास्ता निकाल आता है। इस दिन आप धनुष और बाण को अपने मंदिर में रख सकते हैं या फिर घर की तिजोरी में भी रख सकते हैं। श्री राम की बाल स्वरुप की फोटो को घर में लाना शुभ होता है। इससे संतान प्राप्ति में आ रही बाधाएं दूर हो जाती है। इसके साथ ही संतान का भाग्योदय होता है।

# रामनवमी पर इन 3 राशि वालों पर बरसेगी भगवान राम की विशेष कृपा, होगा धन लाभ!

**रामनवमी भगवान राम के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाई जाती है। इस बार रामनवमी ज्योतिष के लिए लिहाज से बहुत विशेष है। इस बार रामनवमी पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। ऐसे में 3 राशि के जातकों को भगवान राम की विशेष कृपा मिल सकती है। आइए जानते हैं ये तीन लकी राशियां कौन सी हैं।**

रामनवमी हिंदू धर्म का बहुत ही पावन और विशेष त्योहार है। हर साल चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी रामनवमी के रूप में मनाई जाती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान श्री राम ने अयोध्या के राजा दशरथ की रानी कौशल्या के गर्भ से जन्म लिया था। भगवान राम के जन्मदिन के रूप में चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी पर रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। साल 2025 में रामनवमी 6 अप्रैल को मनाई जाएगी।

रामनवमी के दिन भगवान श्री राम का विधि-विधान से पूजन किया जाता है। मान्यता है कि जो भी रामनवमी के दिन भगवा्न राम का पूजन करता है उसके जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का वास बना रहता है। इस बार रामनवमी ज्योतिष के



लिहाज से भी बड़ी ही विशेष मानी जा रही है। क्योंकि राम नवमी पर पुष्य नक्षत्र बन रहा है। इसे ज्योतिष शास्त्र में बड़ा ही विशेष माना गया है। इसके अलावा इस दिन सुकर्मा, धृति और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बनेगा। ऐसे में रामनवमी पर इस बार कुछ राशि के जातकों को भगवान राम की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। आइए जानते हैं इन राशि वालों के बारे में।

**मेष राशि**

रामनवमी का दिन मेष राशि वालों के लिए बहुत ही अच्छा साबित हो सकता है। मेष राशि के जातकों का आर्थिक स्थिति सुधर सकती है। कारोबारी जातकों को कारोबार में लाभ हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों की आय बढ़ सकती है। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। शादीशुदा जीवन खुशियों से भरा रह सकता है। परिवार में महौल अच्छा रहने वाला है।

**कर्क राशि**

रामनवमी का दिन कर्क राशि के जातकों के जीवन में खुशियां लेकर आ सकता है। कर्क राशि वालों के नए काम की शुरुआत हो सकती है। परिवार की परेशानियों से मुक्त हो सकते हैं। कारोबारी जातकों को अच्छा धन लाभ हो सकता है। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। नौकरीपेशा जातकों को नए मौके मिल सकते हैं।

**धनु राशि**

रामनवमी का दिन धनु राशि वालों के बहुत विशेष साबित हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों को करियर में नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है। सभी रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

## दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति

एक बार चीन के सम्राट ने अपने गुरु से पूछा, 'एक ही चीज़ के अनेक रूप कैसे संभव हैं? एक ही में अनेकता का क्या रहस्य है?'

गुरु ने सम्राट से कहा, 'हर चीज़ अपने आप को विविधतापूर्ण रूप में प्रस्तुत करती है।'

गुरु ने फिर उदाहरण दिया, 'अब यह देखिए इस गुलाब के फूल को। कोई इसे उसके समग्र सौंदर्य के लिए पसंद करता है, तो कोई उसकी गंध के लिए, और कोई उसके रंग के लिए इसे सराहता है। कितने ही दार्शनिक इस गुलाब के फूल को केवल फूल नहीं, बल्कि कंटकों के साथ मुस्कुराते रहने वाले संत के रूप में भी देख सकते हैं।' गुरु ने आगे कहा, 'संभव है कि कोई गुलाब के फूल पर पड़ी ओस की बूंदों को देखकर उसमें गुलाब के फूल के दुख-दर्द और अपने दिल के छिपे हुए दर्द की झलक देखता हो।' गुरु ने सम्राट से कहा, 'यानी, वस्तु एक ही है, पर उसे चाहने और पसंद करने वाले अनेक हैं। हर किसी का दृष्टिकोण अलग है और हर व्यक्ति अपने अनुभव, भावनाओं और सोच के आधार पर किसी चीज़ को अलग तरीके से देखता है।'

# राम नवमी है प्रभु श्रीराम से विशेष कृपा पाने का अवसर

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को समर्पित रामनवमी का महापर्व इस वर्ष 2025 रामनवमी का महापर्व 6 अप्रैल, रविवार को मनाया जाएगा। आइए जानते हैं कि रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम को प्रसन्न करने के लिए कौन सा उपाय करना शुभ**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को समर्पित रामनवमी का महापर्व इस वर्ष 2025 रामनवमी का महापर्व 6 अप्रैल, रविवार को मनाया जाएगा। राम नवमी मुख्य रूप से एक हिंदू त्यौहार है जो भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व के आने का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ था। इसी वजह से हर साल इस तिथि पर रामनवमी का पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन भक्त विधिपूर्वक भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना करते हैं। इससे साधक को सभी कामों में सफलता मिलती है। साथ ही प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद पाने के लिए कुछ उपाय जरूर करने चाहिए। ऐसे में आइए जानते हैं कि रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम को प्रसन्न करने के लिए कौन सा उपाय करना शुभ हो सकता है।

**रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम को प्रसन्न करने के उपाय:**

**राम नाम का जाप जरूर करें**

कहा जाता है कि राम नाम में वह शक्ति है, जो असंभव को संभव कर सकती है। संत तुलसीदास जी ने कहा है, कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर-सुमिर नर उतरहि पारा। इसका अर्थ है कि इस युग में यदि कोई साधना सर्वोत्तम है, तो वह राम नाम का जप है। श्री राम जय राम जय जय राम का जाप करें और अपने जीवन को शुभता और शांति से भर लें।



**सत्य, धर्म के रास्ते पर चलें**

जैसा कि,आप जानते हैं कि, श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग और कर्तव्य से प्रेरित रहा है। अगर आप उन्हें प्रसन्न करना चाहते हैं, तो उनके मूल सिद्धांतों का जरूर पालन करें, जिसमें आप कभी भी कभी झूठ न बोलें, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। रिश्तों में आदर, संयम और प्रेम बनाए रखें और कभी भी किसी के साथ छल-कपट न करें और सही काम करें।

**हनुमान जी की भक्ति जरूर करें**

रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम को प्रसन्न करने के लिए हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। कहा जाता है कि, श्रीराम के सबसे प्रिय भक्त हनुमान जी की आराधना करने से स्वयं प्रभु राम प्रसन्न होते हैं। मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन की हर बाधा दूर होती है। हनुमानजी के चरणों में भक्ति समर्पित करने से श्रीराम का प्रेम और आशीर्वाद सहज ही प्राप्त होता है।

**राम नवमी और एकादशी का व्रत करें**

रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम को प्रसन्न करने के लिए व्रत पूजन और कीर्तन करने से प्रभु श्रीराम प्रसन्न होते है। इसलिए इस दिन व्रत, पूजन और कीर्तन करने से विशेष लाभ मिलता है। इसके अलावा, एकादशी व्रत का पालन भी श्री राम और उनके सभी अवतारों को प्रसन्न करता है। यह आत्मशुद्धि का अच्छा उपाय माना जाता है। श्रीरामचरितमानस और सुंदरकांड का पाठ करना ना भूलें श्रीराम की कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला एक अमृत है। रामायण का पाठ करने से मनोबल बढ़ता है, कर्म में शुद्धता आती है और प्रभु की कृपा प्राप्त होती है। सुंदरकांड का विशेष पाठ जीवन की कठिनाइयों को हरने वाला माना जाता है। जो भक्त इसे श्रद्धा से पढ़ते हैं, उन पर श्रीराम और हनुमान जी दोनों की कृपा हमेशा बनी रहती है।

# देशभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है रामनवमी

**अयोध्या का रामनवमी पर लगने वाला चैत्र रामनवमी मेला काफी प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। इस दिन देश भर के मंदिरों से रथ यात्राएं और भगवान श्रीराम, उनकी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण व भक्त हनुमान की झांकियां भी निकाली जाती हैं।**



भगवान श्रीराम के जन्मदिवस चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को रामनवमी के नाम से देशभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। देश के मंदिरों में इस दिन श्रीराम जन्मोत्सवों की धूम देखते ही बनती है। इस दिन नवरात्रि का अंतिम दिन होने के कारण मां दुर्गा की भी पूजा की जाती है और जगह जगह हवन, पूजन और कन्या पूजन किये जाते हैं। मान्यता है कि भगवान श्रीराम का जन्म मध्यान्ह काल में हुआ था। इसीलिए इस दिन तीसरे प्रहर तक व्रत रखा जाता है और दोपहर में मनाया जाता है राम महोत्सव। इस दिन व्रत रखकर भगवान श्रीराम और रामचरितमानस की पूजा करनी चाहिए। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में तो इस दिन भव्य कार्यक्रम रखा गया है। खासतौर पर जब दोपहर को भगवान सूर्य रामलला के ललाट पर अपने प्रकाश से तिलक करेंगे तो वह दृश्य देखने वाला होगा।

**अयोध्या की अलग ही छटा दिखती है**

इस दिन जो श्रद्धालु दिनभर उपवास रखकर भगवान श्रीराम की पूजा करते हैं तथा अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार दान-पुण्य करते हैं वह अनेक जन्मों के पापों को भस्म करने में समर्थ होते हैं। इस दिन पुण्य सलिला सरयू नदी में स्नान करके लोग पुण्य लाभ कमाते हैं। भगवान श्रीराम के जन्म स्थान अयोध्या में इस त्यौहार की विशेष धूम रहती है। अयोध्या का रामनवमी पर लगने वाला चैत्र रामनवमी मेला काफी प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। इस दिन देश भर के मंदिरों से रथ यात्राएं और भगवान श्रीराम, उनकी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण व भक्त हनुमान की झांकियां भी निकाली जाती हैं।

**श्रीराम की पूजन विधि**

इस दिन व्रत रखने वालों को चाहिए कि वह प्रात: जल्दी उठ कर नित्यकर्म से निवृत्त होकर भगवान श्रीराम की मूर्ति को शुद्ध पवित्र ताजे जल से स्नान कराकर नये वस्त्राभूषणों से सज्जित करें और फिर धूप दीप, आरती, पुष्प, पीला चंदन आदि अर्पित करते हुए भगवान की पूजा करें। रामायण में वर्णित श्रीराम जन्म कथा का श्रद्धा भक्ति पूर्वक पाठ और श्रवण तो इस दिन किया ही जाता है अनेक भक्त रामायण का अखण्ड पाठ भी करते हैं। भगवान श्रीराम को दूध, दही, घी, शहद, चीनी मिलाकर बनाया गया पंचामृत तथा भोग अर्पित किया जाता है। भगवान श्रीराम का भजन, पूजन, कीर्तन आदि करने के बाद प्रसाद को पंचामृत सहित श्रद्धालुओं में वितरित करने के बाद व्रत खोलने का विधान है। रामनवमी के दिन मंदिर में अथवा मकान पर ध्वजा, पताका, तोरण और बंदनवार आदि से सजाने का विशेष विधान है।

**रामनवमी व्रत कथा**

राम, सीता और लक्ष्मण वन में जा रहे थे। सीता जी और लक्ष्मण को थका हुआ देखकर राम जी ने थोड़ा रुककर आराम करने का विचार किया और एक बुढ़िया के घर गए। बुढ़िया सूत कात रही थी। बुढ़िया ने उनकी आवभगत की और बैठाया, स्नान-ध्यान करवाकर भोजन करवाया। राम जी ने कहा- बुढ़िया माई, पहले मेरा हंस मोती चुगाओ, तो मैं भी करूं। बुढ़िया बेचारी के पास मोती कहां से आतो जोकि सूत कात कर गुजारा करती थी। अतिथि को ना कहना भी वह ठीक नहीं समझती थीं। दुविधा में पड़ गई। अत- दिल को मजबूत कर राजा के पास पहुंच गईं और अंजली मोती देने के लिये विनती करने लगीं। राजा अचम्भे में पड़ा कि इसके पास खाने को दाने नहीं हैं और मोती उधार मांग रही है। इस स्थिति में बुढ़िया से मोती वापस प्राप्त होने का तो सवाल ही नहीं उठता। आखिर राजा ने अपने नौकरों से कहकर बुढ़िया को मोती दिला दिये।

बुढ़िया मोती लेकर घर आई, हंस को मोती चुगाए और मेहमानों की आवभगत की। रात को आराम कर सवेरे राम जी, सीता जी और लक्ष्मण जी जाने लगे। राम जी ने जाते हुए उसके पानी रखने की जगह पर मोतियों का एक पेड़ लगा दिया। दिन बीतते गये और पेड़ बड़ा हुआ, पेड़ बढ़ने लगा, पर बुढ़िया को कुछ पता नहीं चला। मोती के पेड़ से पास-पड़ोस के लोग चुग-चुगकर मोती ले जाने लगे। एक दिन जब बुढ़िया उसके नीचे बैठी सूत कात रही थी। तो उसकी गोद में एक मोती आकर गिरा। बुढ़िया को तब ज्ञात हुआ। उसने जल्दी से मोती बांधे और अपने कपड़े में बांधकर वह किले की ओर ले चली। उसने मोती की पोटली राजा के सामने रख दी। इतने सारे मोती देख राजा अचम्भे में पड़ गया। उसके पूछने पर बुढ़िया ने राजा को सारी बात बता दी। राजा के मन में लालच आ गया। वह बुढ़िया से मोती का पेड़ मांगने लगा। बढ़िया ने कहा कि आस-पास के सभी लोग ले जाते हैं। आप भी चाहे तो ले लें। मुझे क्या करना है। राजा ने तुरन्त पेड़ मंगवाया और अपने दरबार में लगवा दिया। पर रामजी की मर्जी, मोतियों की जगह कांटे हो गये और लोगों के कपड़े उन कांटों से खराब होने लगे। एक दिन रानी की ऐड़ी में एक कांटा चुभ गया और पीड़ा करने लगा। राजा ने पेड़ उठवाकर बुढ़िया के घर वापस भिजवा दिया। पेड़ पर पहले की तरह से मोती लगने लगे। बुढ़िया आराम से रहती और खूब मोती बांटती।

**भगवान श्रीराम**

भगवान श्रीराम की मातृ-पितृ भक्ति भी बड़ी महान थी वो अपने पिता राजा दशरथ के एक वचन का पालन करने 14 वर्ष तक वनवास काटने चले गए और माता कैकयी का भी उतना ही सम्मान किया। भातृ प्रेम के लिए तो श्रीराम का नाम सबसे पहले लिया जाता है उन्होंने अपने भाइयों को अपने बेटों से बढ़ कर प्यार दिया इनके इसी भातृ प्रेम की वजह से उनके भाई उन पर मर मिटने को तैयार रहते थे। श्रीराम ने रावण का और अन्य असुरों का संहार कर धरती पर शांति भी कायम की। भगवान श्रीराम महान पत्नी व्रता भी थे उन्होंने वनवास से लौटने के बाद माता सीता के साथ न रह कर भी कभी राजसी ठाठ में जीवन नहीं बिताया तथा न ही कभी उनके सिवा किसी अन्य की कल्पना की। भगवान श्रीराम ने अपने सेवकों तथा अनुयायियों का भी सदैव ध्यान रखते हैं। वह अपने सेवक हनुमानजी एवं अंगद के लिए हमेशा प्रस्तुत रहते थे। भगवान श्रीराम में सभी गुण विद्यमान थे।

-शुभा दुबे

# आज से ही अपनाएं भगवान श्रीराम के ये गुण, संवर जाएगा आपका जीवन

चैत्र नवरात्रि का दौर चल रहा है आज नवरात्रि का आठवां दिन है जो माता महागौरी की आराधना के लिए समर्पित होता है। इसके साथ ही देशभर में 6 अप्रैल को राम नवमी का उत्सव भी मनाया जाएगा। भक्तों के बीच राम नवमी का उत्सव सबसे खास आयोजन में से एक होता है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के तौर पर मनाएं जाने वाले इस उत्सव को लेकर देशभर के मंदिरों में तैयारियां हो गई है। वहीं भगवान श्रीराम सबसे आराध्य है तो उनके सारे गुण अनुसरणीय होते है यानि उनके एक गुण भी हम जीवन में अपना लेते है तो जीवन संवर जाता है। बड़ी से बड़ी कठिनाई को दूर करने के लिए आप भगवान श्रीराम के यहां बताएं जा रहे गुण को अपना सकते है।

**भगवान श्रीराम के इन गुण को अपनाएं**

राम नवमी के मौके पर आप भगवान श्रीराम के खास गुण या आदतों को अपना सकते है जो आपकी तकदीर बदल सकता है-

**1- हर क्षेत्र का ज्ञान होना**- अगर आप जीवन में आगे बढ़ना चाहते है तो इसके लिए ज्ञान भरपूर होना जरूरी होता है। ऐसे में व्यक्ति को हर क्षेत्र का बखूबी ज्ञान होना जरूरी है, क्योंकि इसी के बदोलत वह हर कम को अच्छे से जानकार आगे की ओर बढ़ सकता है। भगवान श्रीराम के इस गुण से आप जीवन के हर कदम पर सफल हो जाते है।

**2-संयम रखना जरूरी**- भागदौड़ भरी जिंदगी में हर किसी के पास संयम की कमी है इस वजह से परेशानी बढ़ती है। भगवान श्रीराम के इस गुण यानि संयम को आप अपने जीवन में उतार लेते है तो आपको फायदा होता है। जिस तरह से भगवान श्रीराम ने 14 वर्षों तक वनवास में रहकर भी संयम की तरह काम किया था।

**3-मदद या भलाई करना**- भगवान श्रीराम का व्यक्ति सरल और सहज रहा है वे किसी भी व्यक्ति में भेदभाव नहीं कर पाएं। यहां पर भगवान श्रीराम के जीवन से हमें दूसरों की भलाई और मदद करनी चाहिए। यहां पर जरूरतमंद लोगों की मदद करने से हर मुश्किल आसान हो जाती है।

**4-अच्छी दोस्ती रखना**- यहां पर आप जीवन के हर मोड़ पर परेशानी से घिरे रहते है इसके लिए आपको अच्छी दोस्ती रखना जरूरी होता है। चाहे वो दोस्ती हो, या फिर प्रेम सबके साथ अच्छे से व्यवहार करना चाहिए. इस राम नवमी आप अपने ऊपर ये गुण उतार सकते हैं।

# अल्लू अर्जुन की हीरोइन होंगी प्रिंयका चोपड़ा



शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' बनाने वाले डायरेक्टर एटली अब अपने नए प्रोजेक्ट में बिजी हैं। डायरेक्टर, पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन के साथ अपनी अगली फिल्म A6 कर रहे हैं। बड़े स्तर पर बन रही इस फिल्म में अब प्रियंका चोपड़ा की एंट्री की खबर है। ये फिल्म जबरदस्त एक्शन से भरपूर, एटली स्टाइल में होने वाली है। अल्लू अर्जुन ने भी पुष्पा के बाद फिल्म को अपना सारा समय दे दिया है। फिल्म की शूटिंग की शुरू होने से पहले एटली, प्रियंका से उनके किरदार को लेकर बातचीत कर रहे हैं। अगर बात बन गई तो इस फिल्म में पुष्पा अल्लू अर्जुन के साथ उनकी हीरोइन प्रियंका होंगी। रिपोर्ट की मानें तो एटली इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल निभा सकती हैं। अल्लू और प्रियंका को साथ देखना फैंस के लिए ट्रीट होगी। ये फिल्म एक ग्रैंड लेवल पर बनाई जा रही है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि शाहरुख की जवान की तरह इस फिल्म में भी एक्टर का डबल रोल होगा। फैंस को शानदार विजुअल्स, जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिल सकते हैं। इस फिल्म का अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर किए जाने की खबर है। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा बाहुबली डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ उनकी अगली फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में एक्टर महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका को अमेरिका से हैदराबाद ट्रेवल करते हुए देखा गया है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एक मजबूत कहानी देखाई जाएगी। साथ ही प्रियंका और महेश बाबू को स्क्रीन पर देखना खास होने वाला है। फिल्म अगले साल तक थिएटर पर दस्तक दे सकती है।



# 'कुली' की सामने आई रिलीज डेट

डायरेक्टर लोकेश कनगराज की मोस्ट अवेटेड एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर निर्माताओं ने बताया कि फिल्म इस साल दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक्स के जरिए इसका ऐलान किया है। 'कुली' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है।



इसमें तेलुगू स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, सोबिन शाहिर और सत्यराज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। एक्स हैंडल पर लिखा गया, 'कुली' 14 अगस्त से दुनियाभर में रिलीज होगी।' बॉलीवुड स्टार आमिर खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इस अटकल की पुष्टि नहीं की है। फिल्म में श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी प्रमुख भूमिका में हैं। इसके साथ ही हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े की भी एंट्री हुई है। सन पिक्चर्स ने फिल्म का निर्माण किया है। कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। इस फिल्म ने कई कारणों से लोगों की दिलचस्पी जगाई है। उनमें से एक यह है कि इस फिल्म में अभिनेता सत्यराज और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे। सत्यराज और रजनीकांत आखिरी बार सुपरहिट तमिल फिल्म 'मिस्टर भारत' में साथ नजर आए थे। यह फिल्म 1986 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सत्यराज ने रजनीकांत के पिता की भूमिका निभाई थी। दिलचस्प बात यह है कि सत्यराज ने रजनीकांत की कुछ पिछली फिल्मों जैसे 'एंथिरन' और 'शिवाजी' को रिजेक्ट किया था। 'कुली', जो रजनीकांत की 171वीं फिल्म है, सोने की तस्करी के इर्द-गिर्द घूमती है।

# 'बजरंगी भाईजान' के सीक्वल का है इंतजार ?

सलमान खान देश के चहेते सुपरस्टार्स में से एक हैं। उनकी फिल्मों की लिस्ट में कई धमाकेदार और यादगार फिल्में शामिल हैं। इन्हीं में से एक है 'बजरंगी भाईजान', जो साल 2015 में रिलीज़ हुई थी। ये फिल्म सिर्फ एक ब्लॉकबस्टर नहीं थी, बल्कि सलमान के करियर की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस में से एक मानी जाती है। इस फिल्म में इमोशन, ड्रामा और एक मजबूत मेसेज सब कुछ था। इस शानदार कहानी और परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को 63वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट पॉप्युलर फिल्म प्रोवाइडिंग होलसम एंटरटेनमेंट का अवॉर्ड भी मिला था।



सलमान खान के फैन्स सालों से बजरंगी भाईजान के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं और अब लग रहा है कि उनकी ये ख्वाहिश जल्द पूरी हो सकती है। खबरों की मानें तो सलमान हाल ही में फिल्म के लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद से मिले हैं और 'बजरंगी भाईजान 2' को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है। इंडस्ट्री सोर्स के मुताबिक, 'सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। दोनों ने एक आइडिया पर बात की है और चर्चा इसी दिशा में चल रही है कि ये बजरंगी भाईजान 2 के लिए हो सकता है। साथ ही ये भी माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में डायरेक्टर कबीर खान भी जुड़ सकते हैं। यानी सलमान, विजयेंद्र प्रसाद और कबीर खान की तिकड़ी एक बार फिर साथ आ सकती है। हालांकि फिलहाल कुछ भी ऑफिशियल नहीं हुआ है।' पहली फिल्म ने अपने इमोशनल कहानी से दिल जीत लिया था और खूब सराहना भी मिली थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि सीक्वल किस दिशा में जाएगा? इसके अलावा, वी. विजयेंद्र प्रसाद भारत के सबसे सफल स्क्रीनराइटर्स में गिने जाते हैं। वो अकेले ऐसे लेखक हैं जिन्होंने इंडियन सिनेमा की कई सबसे बड़ी फिल्मों में योगदान दिया है। उनके चर्चित कामों में बॉब्बिली सिम्हम (1994), मगधीरा (2009), ईगा (2012), बाहुबली सीरीज़ (2015–2017), बजरंगी भाईजान (2015) और आरआरआर (2022) शामिल हैं।

# जब श्वेता तिवारी पर लगे अपनी खूबसूरती के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप

## जवां दिखने के लिए...

श्वेता तिवारी टीवी की उन अदाकाराओं में से एक हैं जो कि किसी न किसी वजह से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. अब तो लोग श्वेता तिवारी को संतूर मम्मी बुलाने लगे हैं. हालांकि एक समय ऐसा भी था जब श्वेता तिवारी की खूबसूरती को ही फेक बताया करते थे. उस समय श्वेता तिवारी ने अपने हेटर्स को करारा जवाब दिया था.



श्वेता तिवारी पर आरपो लगे थे कि वो खुद को खूबसूरत बनाने के लिए कॉस्मैटिक्स का सहारा ले रही हैं. अचानक ही फैंस को श्वेता तिवारी के चेहरे में बदलाव दिखने लगे थे. ऐसे में लोगों ने दावा किया कि श्वेता तिवारी ने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है. ये बात आग की तरह सोशल मीडिया पर फैल गई थी. जल्द ही श्वेता तिवारी के कानों में भी ये खबर पहुंच गई. इस खबर ने श्वेता तिवारी का पारा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया था.

जल्द ही श्वेता तिवारी ने अपने हेटर्स को करारा जवाब दिया. श्वेता तिवारी ने अपने बयान में कहा, अगर मैंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई होती तो वो मेरे चेहरे पर साफ दिखती. श्वेता तिवारी ने आगे कहा था, मैं अपनी फिटनेस पर कई सालों से ध्यान दे रही हूं. मुझे किसी तरह की प्लास्टिक सर्जरी पर पैसे बर्बाद करने की जरूरत नहीं है.

श्वेता तिवारी ने ये बयान देकर अपने हेटर्स की बोलती बंद कर दी थी. जिसके बाद श्वेता तिवारी ने अपने फैंस के सामने कई ब्यूटी सीक्रेट खोले. श्वेता तिवारी ने एक बार बताया था कि वो खुद को स्लिम रखने के लिए रात मं खिचड़ी खाना पसंद करती हैं. इसके अलावा दिन होते ही वो खूब वर्कआउट करती हैं.

# अमिताभ बच्चन ने सलीम खान का हाथ थाम लगाया गले



हिंदी फिल्मों में अपनी एक्टिंग से कमाल करने वाले एक्टर मनोज कुमार का अंतिम संस्कार जुहू के पवनहंस शमशान घाट पर किया गया। एक्टर के आखिरी दर्शन के लिए फिल्म इंडस्ट्री से प्रेम चोपड़ा, अमिताभ बच्चन, राजपाल यादव, सुभाष घई, सलमान खान के पिता सलीम खान बेटे अरबाज के साथ पहुंचे। इस दौरान का एक प्यारा वीडियो सामने आया है जिसमें अमिताभ बच्चन और सलीम खान को एक दूसरे के गले लगते देखा जा सकता है। दोनों ने कई फिल्मों में साथ में काम किया है।

मनोज कुमार को आखिरी विदाई देने के बाद जब सलीम खान अपने बेटे अरबाज के साथ बाहर निकल रहे थे तभी अमिताभ बच्चन ने उन्हें रोककर उनसे हाल-चाल लिया। उनका हाथ पकड़ कर आगे चलने की कोशिश की। बाद में सलीम खान ने उन्हें अपने गले लगा लिया। दोनों की इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अमिताभ बच्चन के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्में सलीम और जावेद की जोड़ी ने ही लिखी थीं। इनमें दीवार, शोले, डॉन, जंजीर जैसी फिल्में शामिल हैं। यहां तक कि अमिताभ बच्चन को बड़ा ब्रेक देने का श्रेय भी राइटर जोड़ी को जाता है। इस बारे में जावेद अख्तर ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि फिल्म जंजीर के लिए उन्होंने अमिताभ बच्चन के नाम का सुझाव दिया था, क्योंकि उन्होंने उनका एंग्री मैन लुक फिल्म बॉम्बे टू गोवा के एक सीन में देख लिया था। सलीम-जावेद की जोड़ी की वजह से अमिताभ बच्चन को जंजीर मिली जो उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई।

# शादी के बाद मीरा जैस्मिन ने किया धांसू कमबैक

साउथ एक्ट्रेस मीरा जैस्मिन ने हाल ही में फिल्म 'टेस्ट' के साथ तमिल सिनेमा में वापसी की है। इस फिल्म से एक्ट्रेस ने 11 साल के ब्रेक के बाद इंडस्ट्री में धमाकेदार कमबैक किया है जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि मीरा जैस्मिन एक इंडियन एक्ट्रेस और मॉडल हैं, जिन्होंने मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सहित कई भाषाओं की फिल्मों में काम किया है।



मीरा जैस्मिन का जन्म 15 फरवरी, 1982 को केरल के थिरुवल्ला में हुआ था। मीरा ने मलयालम सिनेमा से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। उन्हें 'द गोट लाइफ' के निर्देशक ब्लेसी ने पहली फिल्म ऑफर की थी। उस समय वह 'सुथराधरन' फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे। उनकी पहली फिल्म दिवंगत ए. के. लोहितदास द्वारा निर्देशित थी। दिलीप की मुख्य भूमिका वाली यह क्राइम ड्रामा फिल्म, मीरा जैस्मिन के लिए खास साबित हुई। इसके लिए उन्हें केरल राज्य फिल्म पुरस्कार में दूसरी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था। इसके बाद, उन्होंने एक बार फिर दिलीप के साथ फिल्म 'ग्रामोफोन' में देखा गया। इसके बाद वह फिल्म 'स्वप्नक्कुडु' में पृथ्वीराज सुकुमारन, कुंचाको बोबन और जयसूर्या जैसे अभिनेताओं के साथ काम करती नजर आईं। मीरा जैस्मिन ने 2002 में फिल्म 'रन' से तमिल में अपनी शुरुआत की, जहां उन्होंने आर. माधवन के साथ काम किया।

# ईद पर आफताब और सुभाष घई भी आये नजर

इन दिनों राजनीतिक बयान बाज़ी से माहौल काफ़ी गरम है. आये दिन कई घटनाओ को होते देखा. लेकिन इस बार ईद के मौक़े पर मुंबई के बांद्रा स्थित 81 Aureat बिल्डिंग में समारोह रखा गया, ख़ास बात ये रही की इस बिल्डिंग की सोसाइटी में लोगों ने एकता और एकजुटता का सन्देश दिया. और इसे मज़बूती देने के लिए बॉलीवुड से भी सुभाष घई और आफताब शिवदसानी जैसे दिग्गज़ कलाकार शामिल हुए. सबने इस मौक़े पर दिल खोलकर मुलाक़ात की और मीडिया से बात चीत के दौरान कई बाते कहीं.

सुभाष घई ने कहा सबसे पहले मैं सभी को ईद की मुबारकबाद देना चाहता हूं. ग्रह एक ऐसा त्योहार है जिसमें हम सब मिलते हैं तो लगता है कि हम सब भाई हैं, भारतीय हैं..मेरी दुआ है कि इसी तरह देश में एकता बनी रहे. हम सब सुखी रहें, एकजुट हो कर रहें, भारत श्रेष्ठ देश रहे. वही आफताब भी साथ ही खड़े थे सुभाष घई के बाद आफताब ने भी मीडिया से बात की और बताया एकजुटता सन्देश और सभी को ईद मुबारक बधाई दी. साथ ही कहा ग्रह बहुत खूबसूरत त्योहार है और सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए. हर धर्म के लोगों को एक होकर देश के पर्व मनाने चाहिए. मुझे यहां बुलाने के लिए शुक्रिया. वही प्रोड्यूसर अब्दुल अज़ीज़ ने बताया की हमारी बिल्डिंग 81 Aureate के काफी मेंबर्स इस ईद मिलन पार्टी मे मौजूद हैं. सुभाष घई जी भी हमारे मेंबर हैं, आफताब शिवदसानी, अनिरुद्ध, आलिम भाई सभी सोसायटी सदस्यों



ने मिलकर तय किया है कि हम सब मिलकर हर त्योहार मनाएंगे ईद, दिवाली, होली. इस बिल्डिंग में भी हर धर्म, समुदाय के लोग रहते हैं, हम सब एक दूसरे के पर्व मनाएंगे. हमें मिलजुल कर रहना है और देश में भाइचारे को जिंदा रखना है. मुंबई कई मायानो में काफ़ी कुछ सिखाती है और एकबार फिर मुंबई के लोगों ने दिखा दिया की चाहे जो भी हो लेकिन हम सब एकसाथ ही है.

# मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन



हिन्दी सिनेमा के मशहूर कलाकार रहे मनोज कुमार का शुक्रवार को निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता कई दिनों बीमार से चल रहे थे। उन्होंने शुक्रवार सुबह साढ़े तीन बजे मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में आखिरी सांस ली, जिसके बाद आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिग्गज अभिनेता को पवन हंस श्मशान घाट में उनके बेटे कुणाल ने मुखाग्नि दी। राष्ट्र भक्ति से सराबोर फिल्मों के लिए मशहूर मनोज कुमार को राजकीय सम्मान के साथ आखिरी विदाई दी गई।

बॉलीवुड के कई कलाकार दिग्गज अभिनेता को आखिरी विदाई देने पहुंचे। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक बच्चन के साथ, अरबाज खान खान पिता सलीम खान के साथ, सुभाष घई, राजपाल यादव, अनु मलिक, प्रेम चोपड़ा समेत कई बॉलीवुड कलाकारों ने मनोज कुमार को अंतिम विदाई दी। इस दौरान अमिताभ बच्चन सहित तमाम कलाकारों की आंखें नम हो गईं। अंतिम संस्कार से पहले मनोज कुमार का पार्थिव शरीर घर लाया गया। जहां कई कलाकार उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। फूल चढ़ाकर सबने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मगर उनकी पत्नी शशि गोस्वामी की हालत देखकर सबकी आंखें नम हो गईं। मनोज कुमार की पत्नी शशि ने रोते-बिलखते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। उन्होंने पहले मनोज कुमार को माला पहनाई और फिर उन्हें आखिरी बार चूमते हुए उन्हें विदाई दी।

# पूजा बनर्जी ने मैटरनिटी फोटोशूट में बरपाया कहर

टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट हैं और इस साल जून में उनके बच्चे का जन्म होने वाला है। एक्ट्रेस इस फेज को एंजॉय करते हुए फोटोशूट भी करवा रही हैं लेकिन वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव भी हैं। पूजा ने थोड़े दिन पहले ही मैटरनिटी फोटोशूट की फोटोज शेयर की थीं और लगातार वो तस्वीरें खिंचवा ही रही हैं। पूजा सेमी-शीयर, बॉडी-हगिंग गाउन में ड्रामेटिक हॉल्टर-नेक केप ट्रेल के साथ बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वो हर फोटो में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। हर फ्रेम में वो कमाल की लग रही हैं। नीले गुलाब स्कैलप डिटेलिंग के साथ स्लीवलेस हॉल्टर-नेक टॉप और मैचिंग पैंट पूजा के मैटरनिटी स्टाइल को दिखाते हैं। टॉप बन और मुलायम आधे खुले बाल बोल्ड और ग्रेसफुल के बीच एक परफेक्ट बैलेंस बनाते हैं, जिससे यह लुक और भी खूबसूरत बन गया है।



# संपूर्ण समाधान दिवस : तीनों तहसीलों में कुल 141 शिकायतें हुई दर्ज, 9 का निस्तारण

## जिलाधिकारी ने किया समस्याओं का स्थलीय अनुश्रवण



**नोएडा/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों-सदर, दादरी और जेवर में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 141 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण संबंधित विभागों द्वारा किया गया।


तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। यहां पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 04 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर पर जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर विशेष गंभीरता बरती जा रही है। सभी विभागीय अधिकारीगण संबंधित शिकायतों पर तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें और उनका ऑनलाइन निराकरण पोर्टल पर दर्ज करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित, तहसीलदार सदर प्रतीक कुमार सिंह चौहान, नायब तहसीलदार ज्योत्सना, रामकृष्ण त्रिपाठी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां 113 शिकायतें दर्ज की गईं और 07 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया। तहसील जेवर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ, जहां 24 शिकायतें प्राप्त हुईं और 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर सुनिश्चित कराया गया। समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर साइट-4 पहुंचकर हवेलिया ड्रेन एवं उसके किनारे बनी सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार को निर्देश दिए कि वे सभी उद्योग प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि सड़क निर्माण के बाद अब किसी भी प्रकार की आवागमन संबंधी असुविधा न हो। इसके उपरांत ही कार्यदाई संस्था का भुगतान कराया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग मोर मुकुट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर-20 का मुख्य मार्ग रोशनी से हुआ जगमग

**नोएडा (चेतना मंच)।** अष्टमी की शाम सेक्टर-20 का मुख्य मार्ग जिलाधिकारी चौक से लेकर सेक्टर-25 के चौराहे तक कुल 250 पोल लगाकर रोशनी से जगमगा उठा। दोनों ओर सजी स्ट्रीट लाइट्स ने क्षेत्रवासियों को एक नई सौगात दी।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण (बिजली विभाग) के कनिष्ठ अभियंता श्री उमेश कुमार ने बताया कि यह मांग सेक्टर-20 के 'डी' ब्लॉक आरडब्ल्यूए के पूर्व अध्यक्ष श्री विद्या सागर विरमानी द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व उठाई गई थी। उन्होंने बताया कि श्री विरमानी की लगातार मेहनत और संघर्ष से यह कार्य संभव हो सका। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मिलकर उन्होंने समय रहते एस्टीमेट बनवाया, और छह माह पूर्व टेंडर प्रक्रिया के पश्चात यह कार्य अब पूर्ण किया गया है।

इस अवसर पर उपस्थित पूर्व अध्यक्ष श्री विद्या सागर विरमानी ने नोएडा प्राधिकरण का आभार प्रकट करते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम. जी., सहायक कार्यपालक अधिकारी श्री संजय खत्री एवं मुख्य महाप्रबंधक श्री आर. पी. सिंह को हृदय से धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता श्री उमेश कुमार के निस्वार्थ और निरंतर सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें इस प्रशंसनीय कार्य के लिए बधाई दी।



# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत युवाओं को मिल रहा सुनहरा अवसर, आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** युवाओं को रोजगारोन्मुख अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत गौतमबुद्ध नगर के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पात्र अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इस संबंध में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी यज्ञ देव सिंह ने जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत स्नातक, डिप्लोमा धारक, आईटीआई, इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी जो भारतीय नागरिक हों तथा जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के बीच हो, आवेदन कर सकते हैं। शर्त यह है कि अभ्यर्थी वर्तमान में पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न न हों।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऑनलाइन दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों में नामांकित अभ्यर्थी भी इस योजना के अंतर्गत आवेदन के पात्र हैं। इच्छुक अभ्यर्थी https://pminternship.mca.gov.in/login/ वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी पोर्टल के माध्यम से योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। योजना का उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक अनुभव प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। इससे उन्हें न केवल कौशल विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि रोजगार के बेहतर विकल्प भी खुलेंगे।

# पति और जेठानी की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने दो बच्चों संग की आत्महत्या



**ग्रेटर नोएडा।** पुराना हैबतपुर की जगदंबा एन्क्लेव कॉलोनी में शुक्रवार को एक महिला द्वारा अपने दो मासूम बच्चों के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन आरती पति और जेठानी की प्रताड़ना से तंग आकर यह खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हुई। पुलिस ने आरोपी पति राजकुमार और उसकी भाभी सावित्री को गिरफ्तार कर लिया है।

मूलरूप से लखनऊ निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि उनकी बहन आरती की शादी वर्ष 2012 में रायबरेली के रहने वाले राजकुमार से हुई थी। वर्तमान में राजकुमार अपने भाई राजा राम और भाभी सावित्री के साथ ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पुराना हैबतपुर क्षेत्र में रह रहा था।

दिलीप का आरोप है कि आरती ने कुछ समय पहले उसे बताया था कि उसके पति के अपनी भाभी सावित्री से अवैध संबंध हैं। गुरुवार को आरती ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में रंगे हाथों पकड़ लिया था। जब उसने इसका विरोध किया, तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की।

परिजनों के अनुसार, यह आरती की दूसरी शादी थी और शुरुआत से ही राजकुमार उसे प्रताड़ित करता था। उसे भोजन नहीं दिया जाता था, ज़मीन पर सुलाया जाता था, खर्च के लिए पैसे नहीं मिलते थे और यहां तक कि फोन तक इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं थी। वह परिवार से छिपकर किसी तरह संपर्क करती थी।

गुरुवार की रात हुई इस मारपीट के बाद, आरती ने मानसिक रूप से टूटकर शुक्रवार सुबह अपने बच्चों—बेटी सोहनी और बेटे रोहन—के साथ एक ही कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। तीनों के शव घर के भीतर लटके मिले, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर आरोपी पति राजकुमार और जेठानी सावित्री के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# शनिवार अप्रैल का सबसे गर्म दिन रहा



**नोएडाा।** स्मार्ट सिटी में शनिवार अप्रैल महीने का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस रहा। दोपहर के समय तीखी धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। इस दौरान लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि लोग अपनी दिनचर्या में सावधानी बरतें और बच्चों, बुजुर्गों तथा बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखें। गर्मी का असर शहर की दिनचर्या पर साफ दिखाई दिया। शनिवार को तल्ख धूप के साथ लोगों के सुबह की शुरुआत हुई। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, तापमान में वृद्धि होती रही। आमतौर पर वीकेंड पर गुलजार रहने वाले पार्क और गार्डन तेजी गर्मी के कारण वीरान नजर आए। धूप इतनी तीखी थी कि लोग खुले में निकलने से बचते रहे। बच्चों और बुजुर्गों को लेकर परिजन भी सतर्क रहे और उन्होंने घरों में ही अधिकांश समय बिताया। मौसम वैज्ञानिक महेश पहलावत ने बताया कि 9 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर पश्चिमी व पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। खासकर दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना है।

# ओवरलोड और अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रालियों पर चला प्रशासन का डंडा

**नोएडा।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार जनसुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई अभियान जारी है। इसी क्रम में आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडेय के नेतृत्व में अपंजीकृत और ओवरलोड माल ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रालियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

डॉ. पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली मूल रूप से कृषि कार्यों के लिए डिज़ाइन की गई है, लेकिन आजकल इसका उपयोग भारी माल ढोने के लिए किया जा रहा है, जो न केवल अवैधानिक है बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने ट्रैक्टर चालकों और आम नागरिकों को इस विषय पर जागरूक करते हुए ओवरलोडिंग और अपंजीकृत ट्रालियों से होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग से ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे ब्रेक फेल या वाहन पलटने की घटनाएं हो सकती हैं। इससे चालक सहित अन्य राहगीरों की जान जोखिम में पड़ सकती है। अतिरिक्त भार से सड़कों पर दबाव बढ़ता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ सड़कें अपेक्षाकृत कमजोर होती हैं। इससे सड़कें जल्दी टूट-फूट जाती हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली का व्यावसायिक उपयोग दंडनीय अपराध है। पकड़े जाने पर वाहन जब्त किया जा सकता है और भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। निर्धारित भार सीमा से अधिक माल ले जाने से इंजन, टायर एवं अन्य यांत्रिक हिस्सों पर असर पड़ता है, जिससे वाहन की उम्र कम हो जाती है और मरम्मत का खर्च बढ़ता है। रिफ्लेक्टर न होना, रात या धुंध में दृश्यता की कमी और कई बार सवारियों को ढोना ये सभी दुर्घटनाओं की संभावना को कई गुना बढ़ा देते हैं। दुर्घटना की स्थिति में माल का नुकसान, मरम्मत, जुर्माना और मुआवजा – ये सभी मिलकर वाहन मालिक के लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन सकते हैं।

डॉ. पांडेय ने अपील करते हुए कहा कि जनहित में सभी वाहन चालक ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए करें और उसे पंजीकृत कराकर कानून का पालन करें। इससे न केवल उनकी और दूसरों की जान सुरक्षित रहेगी, बल्कि आर्थिक रूप से भी नुकसान से बचा जा सकेगा।